54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in




**|| अमृतवाणी ||**

दवाई से शरीर के घाव ठीक हो जाते हैं, मगर कड़वे शब्दों से लगे घाव कभी ठीक नहीं होते।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

अखिलेश यादव में 2027 चुनाव को लेकर निराशा है, तभी वे तरह-तरह की अफवाहें फैला रहे हैं : आशीष पटेल



अफवाहों पर भी ध्यान जरूरी है.... अफवाहें भी खेल पलटती हैं....

सूर्योदय - 5:50, सूर्यास्त - 6:54 | वर्ष : 54/ अंक : 229 | बृहस्पतिवार, 20 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, अष्टमी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

# बताओ तो क्या सस्ता दे रही सरकार?, चीनी भी हुई 65 के पार

## 1 चीनी के दाम पंद्रह दिन में बीस रुपए तक बढ़े, गुड़ पहुंचा 68 रुपये किलो

## 2 कम उत्पादन, जमाखोरी और इथेनॉल में चीनी के प्रयोग से आई आफत

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** त्योहारी मौसम शुरू होने से पहले ही चीनी के दामों में तेजी आई है। खुदरा बाजार में चीनी पहली बार 65 रुपये प्रति किलो के पार तक पहुंच गई है। कारोबारियों के अनुसार, पिछले 15 दिन में इसके दाम करीब बीस रुपये प्रति किलो तक बढ़े हैं। सीजन के अंतिम दौर में चीनी का भंडार कम है। मांग के मुकाबले आपूर्ति घटने से दाम लगातार बढ़ रहे हैं। दूसरी ओर जमाखोर भी पूरी तरह से सक्रिय हैं। इसी बीच गुड़ भी आंखे तरेर रहा है। दो माह में गुड़ के दाम 4800 रुपये कुंतल से 6800 रुपये कुंतल पर जा पहुंचे हैं।

त्योहारी सीजन सिर पर है, और चीनी कड़ुवाहट घोलने लगी है। बताया जा रहा है कि बाजार में मांग की तुलना में करीब आधी ही चीनी की आपूर्ति हो पा रही है। आने वाले दिनों में रक्षाबंधन, गणेशोत्सव, जन्माष्टमी और दिवाली जैसे त्योहारों से मांग और बढ़ेगी। इससे चीनी के दाम में और तेजी आने की आशंका है। 15 दिन पहले चीनी 45 रुपये किलो बिक रही थी। अब इसका भाव करीब बीस रुपए बढ़कर रिटेल में 65 रुपये किलो तक पहुंच गया है। यह अपने आप में रिकॉर्ड है। कारोबारियों का कहना है कि इस बार चीनी का उत्पादन पिछले साल के मुकाबले करीब पांच फीसदी कम रहा है। इसका असर बाजार में उपलब्ध भंडार पर पड़ा है। नया पेराई सत्र अक्तूबर के अंत या नवंबर की शुरूआत में शुरू होता है। चीनी मिलों ने अधिक लाभ के लिए गन्ने से चीनी बनाने के बजाय एथेनॉल उत्पादन को प्राथमिकता दी। पेट्रोल और शराब बनाने वाली कंपनियों की ओर से एथेनॉल की मांग बढ़ने से चीनी का उत्पादन प्रभावित हुआ है। ग्राहक पंचायत से जुड़े रहे और चीनी के व्यापारी अरुण खंडेलवाल बताते हैं कि देश में औसतन चीनी की वार्षिक खपत प्रति व्यक्ति तीस किलो मान लें तो 280 मीट्रिक टन बैठती है। विगत वर्ष में चीनी का उत्पादन 275 मीट्रिक टन था। ऐसे में माना जा रहा है कि चीनी उत्पादन वर्ष सितंबर के अंत तक देश में कुल 35 लाख टन के करीब चीनी रह जाएगी। आगे अक्टूबर में त्यौहारी मांग को देखते हुए यह काफी कम है। जून से तुलना करें तो इस दौरान चीनी के दाम तीस प्रतिशत तक बढ़े हैं। सरकार ने स्टॉक लिमिट लागू की है, लेकिन मुनाफा खोर जमाखोरी से बाज नहीं आ रहे हैं। इसके चलते बाजार में चीनी की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। ऐसे में सरकार के पास कुछ ही विकल्प खुले हैं। इनमें पहला तो जीरो ड्यूटी पर चीनी का आयात है। उनका कहना है कि चीनी की कमी का एक बड़ा कारण इस बार महाराष्ट्र में कम उत्पादन है। आगामी उत्पादन वर्ष में भी महाराष्ट्र के विदर्भ, बिहार, कर्नाटक आदि इलाकों में कम बारिश के चलते गन्ने का उत्पादन कम होने की आशंका है।



### मिठाई में घुलेगी, महंगाई की कडुवाहट

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** मिठाई कारोबारी कहते हैं कि अगले एक महीने में कई बड़े त्योहार हैं। इससे मिठाई की मांग बढ़ेगी, लेकिन बाजार में चीनी की कमी है। मिठाई बनाने में करीब 20 फीसदी चीनी का इस्तेमाल होता है। एक किलो खोये में करीब 200 से तीन सौ ग्राम चीनी लगती है। कारोबारियों को मांग के मुकाबले करीब आधी ही आपूर्ति मिल रही है। कच्चे माल की लागत 25 से 30 फीसदी तक बढ़ गई है, जिससे कारोबारियों के सामने समस्या है। चीनी की महंगाई जारी रही तो इस बार त्योहारों पर मिठास में कडुवाहट घुल सकती है।

## टाउन हाल का मेला जारी, बड़े नेता की हिस्सेदारी

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** ईओ और नगर पालिका के सभासद ठेकेदार के ठेंगे पर हैं। टाउन हाल में मेला हटाने के अधिशासी अधिकारी के आदेशों के बावजूद मेला बादस्तूर जारी है। हरियाली तीज पर मुफ्त घोषित किए गए झूलों पर अब मोटा पैसा वसूला जा रहा है। बताते हैं कि किसी दिव्य पुरुष आशीर्वाद ठेकेदार को प्राप्त है और पालिका प्रशासन ने लेकर जिले के बड़े अधिकारी तक नत मस्तक हैं। टाउन हाल में स्वतंत्रता दिवस और हरियाली तीज के नाम पर मेले की इजाजत नगर मजिस्ट्रेट से हासिल करने के लिए आवेदन किया गया था। इसके बाद मेला बिना अनुमति लिए लगा दिया गया। पालिका के सभासदों ने इसका विरोध किया तो अधिशासी अधिकारी ने ठेकेदार को पत्र लिखकर मेले की अनुमति निरस्त करते हुए ठेकेदार को तत्काल अपना सामान समेटने के आदेश सोमवार को दिए थे। ईओ के आदेशों को ठेंगे पर रखकर मेला जारी है। बताते हैं कि इसमें एक बड़े नेता की हिस्सेदारी है। इसके चलते ईओ के आदेश हवा में उड़ गए और प्रशासन भी खामोश हो गया। लूट का बाजार कायम है।




## बड़ौदा के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, एक की मौत, तीन गंभीर

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** जनपद की बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में बुधवार देर शाम गांव बड़ौदा के निकट दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही बुढ़ाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पहुंचाया। घायलों में साबिर पुत्र वहीद और आसिफ पुत्र रोजी, निवासी गांव तितरोड़ा सिंघावली, थाना बागपत शामिल हैं। दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं, हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर जिला मोर्चरी भेज दिया। पुलिस ने मृतक और घायलों के परिजनों को हादसे की सूचना दी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



## यूपी में 5.43 करोड़ की नकली दवाएं पकड़ी

**उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में करोड़ों के नकली दवा कारोबार का भंडाफोड़, फर्जी बिलों पर बेची जा रही थीं दवाएं**

**लखनऊ, 19 अगस्त (एजेंसी)।** जिन दवाओं को हम सेहत के लिए संजीवनी समझकर खा रहे हैं, अगर वो जहर बनकर शरीर खोखला करें तो चौंकिएगा नहीं। कुछ ऐसा ही भ्रष्टाचार उत्तर प्रदेश से लेकर उत्तराखंड तक के दवा बाजार में चल रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश ने माहभर जांच अभियान चलाया तो पता चला कि फर्जी बिलों पर नकली दवाएं खपाई जा रही हैं। लखनऊ, आगरा, वाराणसी और गोंडा में अब तक करीब 5.43 करोड़ रुपये की अवैध औषधियां जब्त की गई हैं। एंटीबायोटिक से लेकर खांसी सिरप समेत दर्जनों दवाएं नकली होने की वजह से मरीजों पर बेअसर साबित हो रही हैं। लखनऊ में 41.58 लाख रुपये, वाराणसी में 25 लाख रुपये, गोंडा में 1.13 करोड़ रुपये और आगरा में 3.63 करोड़ रुपये की अवैध औषधियां बरामद की गईं। लखनऊ के अमीनाबाद में जांच में सामने आया कि मेसर्स हेल्थ प्लस, मेसर्स एम.के. फार्मा, राम फार्मा और पैशन्ट केयर सर्जिकल हाउस (सहारनपुर) मिलकर फर्जी बिलिंग के जरिए नकली दवाएं बाजार में खपा रही थीं। हेल्थ प्लस को लाइसेंस मई 2025 में मिला, लेकिन फर्म अप्रैल 2025 से ही अवैध क्रय-विक्रय दिखा रही थी। निर्माता कंपनी स्टैडम्ड ने फर्म द्वारा बेची गए अल्कासोल सीरप को नकली करार दिया। एमके फार्मा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 8.87 करोड़ रुपये की फर्जी खरीद दिखाई और साक्ष्य मिटाने के लिए पुराने डेटा तक को डिलीट कर दिया। निमार्ता कंपनी वारडेक्स ने फर्म की डेक्सोरेंज सिरप को नकली बताया। चारों फर्मों के विरुद्ध थाना अमीनाबाद में 12 अगस्त को भारतीय न्याय संहिता की धारा 111, 276, 277, 278, 318, 319, 336 व 338 के तहत एफआइआर दर्ज की गई है। यूपी से उत्तराखंड तक डा रेड्डी, सिप्ला, एल्डर, मार्को एवं इंटास जैसी नामी कंपनियों के उत्पाद क्लैवैक्टम-625 और राजो-डी कैप्सूल की खुलेआम नकल तैयार होती मिली।



## हॉकी वर्ल्डकप- भारत ने पाकिस्तान को 5-3 से हराया : टीम टॉप-8 में पहुंची

**एम्सटेलवीन, 19 अगस्त (एजेंसी)।** भारत ने मेंस हॉकी वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 5-3 से हरा दिया। इसी के साथ टीम टॉप-8 में पहुंच गई है। वहीं पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। नीदरलैंड के वैगनर हॉकी स्टेडियम में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह और अभिषेक ने 2-2 गोल किए। हार्दिक सिंह ने एक गोल दागा। पाकिस्तान की ओर से हन्नान शाहीद ने 2 और सुफियान खान ने एक गोल किया। हरमनप्रीत ने 5वें और 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल किए। जबकि अभिषेक ने 11वें और 24वें मिनट में फील्ड गोल दागे।

**हरमनप्रीत और अभिषेक ने 2-2 गोल दागे**

उपकप्तान हार्दिक सिंह ने 35वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर भारत के लिए पांचवां गोल किया। उन्हें आदित्य के खिलाफ पाकिस्तानी खिलाड़ी अरशद के स्टिक फाउल से मौका मिला। पाकिस्तान की ओर से हन्नान शाहिद ने 22वें और 46वें मिनट में गोल किए। सुफियान खान ने 24वें मिनट में गोल दागा। इन गोल से पाकिस्तान ने भारत की बढ़त का अंतर कम किया। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में दूसरा मैच जीत लिया है। ग्रुप-ऊमें टीम 3 मैचों में 6 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं पाकिस्तान बिना किसी जीत के एक अंक के साथ तीसरे नंबर पर रहा।

## दिन में उमस ने बेहाल किया, रात होते ही फिर जोरदार बारिश

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** मंगलवार की अंधाधुंध बारिश के बाद बुधवार को दिन भर बादल हल्की बूंदाबांदी तक सीमित रहे। हालांकि रात में अचानक आई तेज बारिश ने एक बार फिर अनेक स्थानों पर जल भराव के नजारे दिखाए। इसके चलते शाम के बाजार भी जल्दी ही ठंडे हो गए। नगर में मंगलवार को ताबड़तोड़ बारिश ने छकड़ी भुला दी थी। बुधवार को सुबह से मौसम खुला रहा। आसमान पर बादलों की लगातार मौजूदगी के बीच धूप भी चमकती रही। ऐसे में दिन में तेज धूप के चलते उमस की स्थिति लौटती नजर आई। हालांकि देर शाम अचानक घने बादलों ने फिर जोरदार पानी बरसाकर शहर को फिर जल भराव के नजारे दिखाए। अचानक आई तेज बारिश से शहर पूरी तरह भीग गया। इसके साथ ही देर रात तक खुलने वाले बाजार भी बारिश के साथ जल्द ही बंद हो गए। चाट बजार को बारिश चट कर गई। इसके साथ मालवीय चौक समेत तमाम बाजारों में लगने वाली खाने पीने की दुकानों पर देर रात तक रहने वाली रौनक गायब हो गई और लोग घरों में कैद हो गए।





## 30 किलोवाट बिजली चोरी पकड़ी, 7 उपभोक्ताओं पर मुकदमा

**सरवट और बझेड़ी क्षेत्र में विद्युत विभाग की सघन चेकिंग से मचा हड़कंप, चार परिसरों में मीटर से छेड़छाड़ भी मिली**

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** शासन के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में विद्युत चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत विद्युत विभाग की टीम ने बुधवार को सरवट और बझेड़ी क्षेत्र में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए बिजली चोरी के कई मामले पकड़े। विभागीय जांच के दौरान सात उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया, जबकि चार अन्य परिसरों में मीटर से छेड़छाड़ किए जाने के प्रमाण मिले। कार्रवाई के बाद बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया। कुलदीप सिंह अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय वितरण खंड (वाणिज्य -2) मुजफ्फरनगर ने बताया कि बुधवार को शासन के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य अभियंता (वितरण), पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल), मुजफ्फरनगर क्षेत्र के मार्गदर्शन तथा अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में विद्युत चोरी रोकने के लिए विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया।



अभियान में विभागीय अधिकारियों के साथ विजिलेंस टीम और प्रवर्तन दल ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। इस दौरान चेकिंग टीम में सहायक अभियंता (रेड) अक्षय कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता दिलीप यादव, अवर अभियंता अखिलेश कुमार सरोज, विजिलेंस टीम के अमित गोस्वामी (प्रभारी प्रवर्तन दल), महिला हेड कांस्टेबल मोनिका, हेड कांस्टेबल जितेंद्र तथा कांस्टेबल सचिन, रोहित और नवीन सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। बताया गया कि टीम ने फीडर सुजड़ू, सरवट एवं बझेड़ी क्षेत्र में घरों और प्रतिष्ठानों की विद्युत आपूर्ति तथा मीटरों की गहन जांच की। जांच के दौरान सात उपभोक्ताओं द्वारा मीटर केबल में कट लगाकर (कटिया डालकर)अवैध रूप से विद्युत का उपयोग किया जाना सामने आया। इन मामलों में करीब 30 किलोवाट विद्युत भार की चोरी किए जाने का दावा किया गया। इसके अलावा कार्रवाई के दौरान चार अन्य उपभोक्ताओं के परिसरों पर मीटर से छेड़छाड़ यानी मीटर टैम्पर्ड पाए गए, जिससे विभागीय टीम ने मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान विद्युत चोरी के मामलों को विभाग ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित सात उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम-2003 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू करते हुए सभी सातों के विरुद्ध विद्युत चोरी निरोधक थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। कुलदीप सिंह अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय वितरण खंड (वाणिज्य-2) मुजफ्फरनगर ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग द्वारा आगे भी ऐसे क्षेत्रों में सघन चैकिंग अभियान जारी रखा जाएगा और मीटर से छेड़छाड़, केबल काटकर बिजली चोरी करने अथवा अन्य किसी अवैध तरीके से विद्युत का उपयोग करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली का उपयोग केवल वैध कनेक्शन और अधिकृत कनेक्शन के माध्यम से ही करें।

### 30 करोड़ की बिजली बकाया वसूली के लिए होगी कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** सुजड़ू-शामली रोड, मिमलाना रोड, गढ़ी पचेंडा और रामपुर तिराहा में उपभोक्ताओं पर सबसे ज्यादा बकाया है। अगस्त माह में बिजली विभाग के सामने बकाया राजस्व वसूली की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। विभागीय राजस्व लक्ष्य के मुताबिक शहर क्षेत्र में उपभोक्ताओं पर करीब 30 करोड़ रुपये का विद्युत बिल बकाया है, जिसे अगस्त माह के बचे महज 11 दिनों में पूर्ण रूप से वसूलने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य पूरा करने के लिए अब विभागीय टीमों की सक्रियता बढ़ने के साथ ही बकायेदारों पर कार्रवाई का शिकंजा कसना तय माना जा रहा है। शहर में कुल 19 पावर हाउस के माध्यम से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था संचालित होती है। इनमें सुजडू-शामली रोड, मिमलाना रोड, गढ़ी पचेंडा और रामपुर तिराहा क्षेत्र विद्युत बिलों के बड़े बकाये और बिजली चोरी को लेकर खासे चर्चित हैं। इन क्षेत्रों में राजस्व वसूली और विद्युत चोरी रोकना विभाग के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है। राजस्व लक्ष्य की समीक्षा में सामने आया कि अगस्त में विभाग को निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के लिए तेजी से वसूली करनी होगी। बकाया भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने के साथ नियमानुसार कार्रवाई और बिजली चोरी के मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों को प्रॉपर्टी से बेदखल कर सकते हैं माता-पिता : सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बढ़ती उम्र का मतलब अपमान-असुरक्षा नहीं; हाईकोर्ट का फैसला पलटा

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार कहा कि बुजुर्ग माता-पिता को अपने घर में सम्मान और सुरक्षा के साथ रहने का अधिकार है। अगर बेटे या बहू का घर में रहना बुजुर्ग के भरण-पोषण या सुरक्षा में बाधा बन रहा है, तो वह उन्हें अपने बच्चों को घर से बेदखल कर सकते हैं।' जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि बढ़ती उम्र का मतलब अपमान या असुरक्षा के साथ रहना नहीं हैं। सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने बुजुर्गों के साथ कितना सम्मान और सुरक्षा का व्यवहार करता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश लखनऊ के रवि कांत गुप्ता से जुड़े मामले में सुनाया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ अपील की थी, जिसमे अपने बेटे और बहू को घर से निकालने के रुद्ध और जिला मजिस्ट्रेट के आदेश को रद्द कर दिया था। रवि कांत गुप्ता लखनऊ के विकास नगर में रहते हैं। उनकी 81 साल की मां को घर छोड़कर वृद्धाश्रम में रहना पड़ा था। आरोप था कि उनके बेटे यानी गुप्ता के पोते ने उन्हें घर में रहने नहीं दिया। आरोप था कि उसके बेटे ने ऐसा व्यवहार किया कि उन्हें घर छोड़कर वृद्धाश्रम में रहना पड़ा। इसके बाद एसडीएम ने 15 नवंबर 2022 को बेटे को मकान से निकालने का आदेश दिया। जिला मजिस्ट्रेट ने 9 अगस्त 2023 को इस आदेश को बरकरार रखा और बेटे-बहू को मकान खाली करने का आदेश दिया। बेटे और बहू ने एसडीएम और जिला मजिस्ट्रेट के आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने कहा था कि माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत ट्रिब्यूनल को वरिष्ठ नागरिक की संपत्ति से उसके बच्चों को बेदखल करने का अधिकार नहीं है। इसके बाद हाईकोर्ट ने दोनों आदेश रद्द कर दिए। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया। कोर्ट ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जरूरत पड़ने पर ट्रिब्यूनल बेदखली का आदेश दे सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2007 के कानून की धारा 7 के तहत मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल बनाए गए हैं। धारा 8 के तहत उन्हें कुछ मामलों में सिविल कोर्ट जैसी शक्तियां हासिल हैं। वहीं, धारा 27 सिविल कोर्ट के अधिकार क्षेत्र को सीमित करती है। ऐसे में कानून के उद्देश्य को पूरा करने के लिए ट्रिब्यूनल जरूरी और सहायक आदेश जारी कर सकता है।

## नशे की हालत में छत से गिरा युवक, मौत

**बुढ़ाना, 19 जुलाई (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव लुहसाना में अपनी ससुराल आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरने के बाद मौत हो गई। घटना की सूचना देर रात करीब एक बजे पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही हुसैनपुर चौकी प्रभारी सूर्यप्रताप पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार, शामली जनपद के थाना झिंझाना क्षेत्र के गांव पंथपुरा निवासी प्रमोद पुत्र किशन अपनी ससुराल गांव लुहसाना आया हुआ था। बताया गया कि युवक ने अत्यधिक शराब का सेवन कर रखा था। रात के समय वह मकान की छत पर सो रहा था। इसी दौरान नशे की हालत में वह अचानक छत से नीचे गिर गया। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। देर रात ग्राम प्रधान द्वारा पुलिस को घटना की सूचना दी गई। हुसैनपुर चौकी प्रभारी सूर्य प्रताप ने मौके पर पहुंचकर मृतक के साले सहित परिजनों से पूछताछ की। परिजनों ने पुलिस को बताया कि युवक अत्यधिक नशे में था और इसी कारण छत से नीचे गिर गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। मृतक की पत्नी को भी घटना की सूचना दे दी गई है। चौकी प्रभारी सूर्य प्रताप ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या युवक के नशे की हालत में छत से गिरने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## यातायात पुलिस ने की स्कूली वाहनों की गयी सघन चैकिंग

**मिशन सेफ फ्यूचर-2.0 के तहत चला अभियान**

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** प्रदेश में स्कूली वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन सेफ फ्यूचर-2.0 अभियान के अंतर्गत आज मुजफ्फरनगर यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर स्कूली वाहनों की चैकिंग की गयी। एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी यातायात नगर राधा रमण सिंह एवं यातायात प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा देहरादून पब्लिक स्कूल एवं दा एसडी पब्लिक स्कूल पहुंचकर विद्यार्थियों के आवागमन हेतु संचालित स्कूली वाहनों की चैकिंग की गयी। चैकिंग के दौरान स्कूली वाहनों के आवश्यक प्रपत्र, फिटनेस, सुरक्षा उपकरण एवं अन्य निर्धारित सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया गया। साथ ही विद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया गया कि विद्यार्थियों के आवागमन हेतु संचालित सभी वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप, आवश्यक दस्तावेजों से पूर्ण एवं सुरक्षित स्थिति में संचालित किए जाएं तथा किसी भी वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को न बैठाया जाए। यातायात पुलिस द्वारा स्कूल प्रबंधन एवं अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों के आवागमन हेतु प्रयुक्त वाहनों की फिटनेस, आवश्यक दस्तावेज एवं सुरक्षा मानकों की जानकारी अवश्य रखें तथा यह सुनिश्चित करें कि स्कूली वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाया जाए। स्कूली वाहनों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का उल्लंघन अथवा क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाए जाने की स्थिति में तत्काल विद्यालय प्रशासन अथवा यातायात पुलिस को सूचना दें। मुजफ्फरनगर यातायात पुलिस द्वारा मिशन सेफ फ्यूचर-2.0 के अंतर्गत स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने हेतु स्कूली वाहनों की चैकिंग एवं आवश्यक प्रवर्तन कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।






## तेज गति से चलाए जा रहे 110 वाहनों के यातायात पुलिस ने किए चालान






**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** ओवर स्पीडिंग के विरुद्ध यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए इंटरसेप्टर से 110 वाहनों के चालान किए हैं। क्षेत्राधिकारी यातायात नगर राधा रमण एवं प्रभारी यातायात राकेश कुमार के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा गत दो दिन थाना नई मंडी क्षेत्र में इंटरसेप्टर के माध्यम से ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन कर तेज गति से वाहन चलाते पाए गए 110 वाहनों के चालान किए गए। इनमें 26 हैवी व्हीकल भी शामिल हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचें। शराब अथवा किसी अन्य नशे की अवस्था में वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय धैर्य, संयम एवं सतर्कता बरतें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। दोपहिया वाहन पर निर्धारित संख्या से अधिक सवारी न बैठाएं। निर्धारित गति सीमा का पालन करें एवं सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

# चैकिंग में दो युवक गिरफ्तार, पिस्टल-कारतूस और बिना नंबर की बाइक बरामद



**चरथावल, 19 अगस्त (बु.)।** पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चैकिंग के दौरान दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 32 बोर की पिस्टल, मैगजीन,चार जिंदा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद करने का दावा किया है। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। चरथावल प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया के नेतृत्व में बिरालसी चौकी प्रभारी सतीश धामा पुलिस टीम के साथ बिरालसी चौकी क्षेत्र में हरनाकी नहर की पुलिया पर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सामने से बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों युवक बाइक मोड़कर पीछे लौटने लगे। शक होने पर पुलिस टीम ने पीछा कर घेराबंदी करते हुए दोनों को हरनाकी की ओर जाने वाले खड़ंजा रास्ते पर पकड़ लिया पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम वंश पुत्र शीशपाल और विवेक कुमार उर्फ सूरज पुत्र अमरीश कुमार निवासी ग्राम भलसवा गाज, थाना झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार, उत्तराखंड बताए। पुलिस ने वंश के कब्जे से 32 बोर की पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस और एक खाली मैगजीन बरामद की। वहीं विवेक के कब्जे से एक मैगजीन में दो जिंदा कारतूस बरामद होने की बात कही गई है। दोनों के पास से आईफोन मोबाइल भी मिले। इसके अलावा हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक बिना नंबर प्लेट के बरामद हुई, जिसे पुलिस ने एमवी एक्ट की धारा तहत सीज कर दिया। थाना चरथावल में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास और बरामद असलहे के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।

# कूड़े कबाड़ और कृषि वेस्ट से बनेगी पीएनजी, बचेगी विदेशी मुद्रा

## गांव ढांसरी में बायो गैस प्लांट का आईजीएल हेड ने किया शुभारंभ










**जानसठ, 19 अगस्त (बु.)।** गांव ढांसरी में उजाला बायो एनर्जी सोल्यूशन, फिनलैंड के सहयोग से एक ऐसा उद्यम लगाया गया है, जिससे तमाम एग्रीकल्चर वेस्ट, पराली और मैली से पीएनजी गैस का उत्पादन होगा। इससे घरों में चूल्हे जलेंगे और एलपीजी के आयात पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा की बचत होगी। बायो गैस प्लांट का उद्घाटन बुधवार को आईजीएल के इंडिया हेड कुमार शंकर ने किया। उनके साथ डायरेक्टर कमर्शियल मोहित भाटिया भी उपस्थित रहे। क्षेत्र के गांव ढांसरी में उजाला बायो एनर्जी सोल्यूशन, फिनलैंड के सहयोग से राधारमण ग्रीन एनर्जी द्वारा स्थापित एग्रीकल्चर वेस्ट से पीएनजी का उत्पादन करने वाले प्लांट का शुभारंभ आईजीएल के इंडिया हेड कुमार शंकर व डायरेक्टर मोहित भाटिया ने किया। उजाला बायो एनर्जी सोल्यूशनके सीईओ डॉक्टर आलोक अग्रवाल,सीटीओ किरीट भाई प्रजापति और सीओओ नीरज कुमार सिंह ने बताया कि प्लांट में प्रतिदिन पांच टन पीएनजी का उत्पादन होगा। उन्होंने बताया कि यह प्लांट तकनीकी दृष्टि से बेहद अद्वितीय है। यह 'मल्टी फीड टेक्नोलॉजी' पर काम करता है, जिसमें कृषि अवशेषों (पराली, गन्ने की मैली आदि) और नगर निकायों के कचरे से सीधे पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) का उत्पादन किया जाएगा। यह प्लांट पूरी तरह से पॉल्यूशन मुक्त होगा और इसके उत्पाद भी पॉल्यूशन मुक्त व्यवस्था बनाने का काम करेंगे। बिजनेस एग्जिक्यूटिव पलाश अग्रवाल ने बताया कि यहां उत्पादित पीएनजी को आईजीएल पाइपलाइन नेटवर्क के माध्यम से मुजफ्फरनगर और आसपास के जिलों में सप्लाई किया जाएगा। इससे न केवल घरेलू और औद्योगिक ईंधन की जरूरतें पूरी होंगी, बल्कि देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी। कंपनी अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान में उनके 8 प्रोजेक्ट्स सकौती, बडसू, शिकारपुर, चरथावल, पुरकाजी, अमरोहा, रामपुर, बरेली और सीतापुर में सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। वहीं, अंबाला में पराली आधारित प्लांट पहले से चालू है। इसके अलावा, मुजफ्फरनगर की बिंदल पेपर मिल में भी जल्द ही एक बड़ा बायोगैस प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में बिजनेस एग्जीक्यूटिव पलाश अग्रवाल तथा मीडिया हेड लवी अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत संस्थापक संजीव गर्ग, अमित गर्ग, अजय त्यागी, निदेशक विनोद गुप्ता, दीपक चंद जैन और प्रवीण अग्रवाल द्वारा किया गया। वहीं, कार्यक्रम के अंत में संजय गर्ग द्वारा सभी आगंतुकों का आभार जताया गया।




# जानसठ बार में अधिवक्ताओं ने पूर्व जिलाधिकारी का किया अभिनंदन

**जानसठ, 19 अगस्त (बु.)।** तहसील बार एसोसिएशन के सभागार में अधिवक्ताओं द्वारा पूर्व जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह के पहुंचने पर उनका फूल मालाओं से अभिनंदन किया गया। बता दें कि दिनेश कुमार सिंह जानसठ तहसील के पूर्व में एसडीएम के पद पर आसीन रह चुके हैं और गत वर्ष जिलाधिकारी सहारनपुर के रूप में भी मंडल में कार्यरत रहे हैं। बार एसोसिएशन के सभागार में उन्होंने अधिवक्ताओं को संबोधित किया तथा बार एसोसिएशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि अधिकारियों को भी बार के साथ सामंजस्य बनाकर रखना चाहिए। इस दौरान अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा, महासचिव दीपेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार पंत, प्रदुम्न कुमार भेटवाल, प्रदीप कुमार गर्ग, यशवंत सिंह कांबोज, अजादार हुसैन जैदी, ज्ञानचंद सैनी, परवेज जैदी, अनुज गोयल, शशि सैनी, प्रवेंद्र भड़ाना, अचल कुमार गोयल, विकास गुप्ता, जितेंद्र तोमर आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# अवैध लकड़ी टाल पर कार्रवाई की मांग



**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** जिला पंचायत द्वारा अवैध लकड़ी टोल चलाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। सिटी मजिस्ट्रेट के नाम दिए ज्ञापन में कहा गया है कि जिला पंचायत द्वारा अवैध लकडी टोल चल रहे हैं। जिलाधिकारी के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर भाकियू के मंडल महासचिव विपिन त्यागी, अंकित जवाला तहसील अध्यक्ष जानसठ, शहजाद राव नगर अध्यक्ष, अमित चौधरी जिला उपाध्यक्ष, नौशाद कसर व मोहसिन आदि ने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# शिक्षकों और बच्चों के सर्वागीण विकास के उद्देश्य से प्रशिक्षण शिविर में दी जानकारी



**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बुस.)।** जिले में बाल वाटिका के शिक्षकों और बच्चों के सर्वांगीण विकास और अधिक प्रभावी शिक्षण तकनीकों से लैस करने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण के दूसरे दिन कार्यक्रम में जानकारी शिक्षिकाओं द्वारा दी गयी। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन शिक्षकों व आंगनबाडियों को बाल वाटिका स्तर पर बच्चों को उनकी सीखने की क्षमता के अनुरूप गतिविधियां कराने और खेल-खेल में शिक्षा प्रदान करने का माहौल तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी गई। बीएसए कार्यालय में शुरू हुई प्रशिक्षण सत्र में डीसी सुशील कुमार ने तीन दिन की रूपरेखा समझाई। इसमें 74 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षक एसआरजी विनीत कुमार, डायट प्रवक्ता एवं नोडल अधिकारी डॉ. प्रीति माथुर, रजनी बालियान, नीलिमा गुप्ता और डीसी प्रशिक्षण सुशील कुमार ने शिक्षकों को बाल वाटिका में अपनाई जाने वाली आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराया। विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि इस उम्र में बच्चों की रुचि, रचनात्मकता और बुनियादी कौशल को विकसित करना सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में सीडीपीओ राहुल कुमार, कल्पना, शिक्षक वैभव चौधरी, वाजिद अली और पूजा हरि भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उपस्थित अधिकारियों व विशेषज्ञों ने कहा कि बाल वाटिका के स्तर पर यदि बच्चों की नींव मजबूत तैयार होती है, तो इससे उनके आगामी पूरे शैक्षिक जीवन को सही दिशा मिलती है और आगे की पढ़ाई उनके लिए बेहद आसान हो जाती है।

# भारतीय शास्त्रीय संगीत से रुबरु हुए विद्यार्थी





**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बुस.)।** सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, केशवपुरी में स्पिक मैके के मुजफ्फरनगर चैप्टर के तत्वावधान में भारतीय शास्त्रीय संगीत पर आधारित विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सितार वादक ध्रुव बेदी एवं तबला वादक शंकर ज्योति सैकिया ने विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा से परिचित कराया। कलाकारों ने सितार एवं तबले की मनमोहक प्रस्तुति दी तथा विद्यार्थियों को वाद्य यंत्रों की विशेषताओं और भारतीय शास्त्रीय संगीत की बारीकियों से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं एकाग्रता के साथ प्रस्तुतियों का आनंद लिया और कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्रबंधक राजन सिंघल, प्रबंध समिति सदस्य कुलदीप गोयल एवं प्रधानाचार्य सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य गोविंद गुप्ता ने स्पिक मैके की पूरी टीम एवं आमंत्रित कलाकारों का विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, संगीत एवं कला की समृद्ध विरासत से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य एवं विद्यालय परिवार की ओर से स्पिक मैके की पूरी टीम तथा दोनों कलाकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।





# बेशकीमती भूमि पर दो पक्षों ने ठोका दावा, जांच को पहुंची टीम

**भोपा, 19 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव मोरना में घनी आबादी के बीच स्थित बेशकीमती भूमि पर दो पक्षों द्वारा दावा किया जा रहा है। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर अधिकारी ने पुलिस की मौजूदगी में भूमि का निरीक्षण किया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना में मुजफ्फरनगर मार्ग पर गंगा पब्लिक स्कूल के पास स्थित भूमि पर दो पक्षों ने अपना दावा किया है। दावों की जांच के लिये पहुंची न्यायालय की टीम ने भूमि का मौके पर निरीक्षण किया। एक पक्ष के बलवेंद्र सिंह,कुलदीप, प्रताप ने बताया कि 1977 में उनके पिता द्वारा यह भूमि प्रकाशचंद, बाबूराम से खरीदी गयी थी और भूमि पर उनका कब्जा भी है। उनका कहना है कि दूसरे पक्ष का दावा अनुचित है। वहीं नई मंडी गौशाला शुकतीर्थ के प्रबन्धक राम सहोदर मिश्रा ने बताया कि 1979 में लगभग ढाई बीघा भूमि की नीलामी न्यायालय के द्वारा की गयी थी, जिसे नई मंडी गौशाला ने नीलामी के तहत खरीदा था। इस भूमि पर वक्फ बोर्ड भी अपना दावा करता है, जिसका वाद न्यायालय में जारी है। बुधवार को सिविल कोर्ट के अमीन विरेन्द्र सैनी मौके पर पहुंचे। वीरेन्द्र सैनी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मौके पर आकर मुआयना किया गया है, रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। वहीं शांति व्यवस्था के मद्देनजर मोरना चौकी इंचार्ज पिंटू चौधरी मौके पर पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। कीमती भूमि पर दो पक्षों के अपने अपने दावों के दौरान भारी भीड़ मौके पर मौजूद रही।

## आपका आज का राशिफल

**बृहस्पतिवार, 20 अगस्त, 2026**

**मेष-** कठिनाइयों से अशांति, प्रगति में व्यवधान, पारिवारिक उलझनें, आर्थिक लेन-देन में नुकसान, शत्रुहानि पहुँचाने की दिशा में प्रयासरत, व्यर्थ भ्रमण।
**वृषभ-** व्यापार में धन निवेश, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, मनोरंजन की ओर रुझान, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, प्रेम सम्बन्धों में मधुरता, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि।
**मिथुन-** समय आशाजनक, विवादास्पद मसला हल होने को, विरोधी परास्त, वैमनस्यता का समापन, मंगल आयोजन सम्पन्न, सुख के साधन सुलभ। यात्रा सुखद।
**कर्क-** स्वास्थ्य अनुकूल, आपसी सौहार्द्र, आहार-विहार में नवीनता, अध्ययन में रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, किसी योजना को मूर्त रूप में परिणित।
**सिंह-** भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, कठिनाइयों से अशांति, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, लापरवाही हानिकारक, पठन-पाठन में अरुचि, यात्रा निरर्थक।
**कन्या-** दिनमान अनुकूल, आरोग्य सुख में वृद्धि, विवाद समापन पक्ष में, इच्छित पद की प्राप्ति, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, धन की प्राप्ति, सम्मान में वृद्धि।
**तुला-** व्यवसायिक क्षेत्र में प्रगति, स्वास्थ्य सुधार पर, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, आवागमन में अनुकूलता, मनोरंजन की ओर रुझान, मानसिक शांति।
**वृश्चिक-** कठिनाइयों का निराकरण, वरिष्ठजनों से अपेक्षित सहयोग, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, सुख के जरूरी साधन उपलब्ध, हर्षोल्लास का वातावरण।
**धनु-** आशा अधूरी, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति का प्रयास असफल, राजकीय पक्ष से कष्ट, कार्य-व्यवसाय में निराशा, मानसिक बेचैनी, लाभ का मार्ग अवरुद्ध।
**मकर-** योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, आत्मसंयम से कार्य-सिद्धि, सद्विचारों का उदय, मानसिक शांति, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, वैमनस्यता का समापन।
**कुम्भ-** ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, व्यावसायिक उन्नति हेतु नवप्रयास, इच्छानुकूल घटनाएँ घटित, लाभकारी मार्ग प्रशस्त, सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि।
**मीन-** विचाराधीन योजना को मूर्त रूप में परिणित, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, परिजनों के माध्यम से बकाए धन की वसूली, अध्यात्म के प्रति आस्था।

# महिला से दुष्कर्म के प्रयास का आरोप, विरोध पर हथियार दिखाकर धमकाने का दावा



**चरथावल, 19 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपित के स्वजन द्वारा हथियार दिखाकर धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। महिला के देवर की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। चरथावल थानाक्षेत्र के एक गांव में 8 अगस्त की शाम करीब सात बजे गांव का ही एक युवक महिला को घर पर अकेला देखकर कथित रूप से उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि लोगों ने युवक को पकड़ लिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इसके बाद आरोपित युवक के पिता और भाई तमंचा व बंदूक लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद लोगों के साथ कथित रूप से गाली-गलौच की और देख लेने की धमकी दी। इसके बाद दोनों युवक को अपने साथ ले गए। महिला के देवर ने थाने में तहरीर देकर आरोपित युवक, उसके पिता और भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। थाना चरथावल प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करने की कार्रवाई की जा रही है। महिला के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# रोहाना पुलिस ने 2.7 किलो डोडा जब्त किया, मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में युवक गिरफ्तार




**रोहाना, 19 अगस्त (बु.)।** रोहाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन सवेरा' के तहत एक युवक को 2 किलो 700 ग्राम अवैध डोडा के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सादपुर रजवाहे की पटरी पर की गई। एसएसपी के निर्देश पर, पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सादपुर रजवाहे की पटरी पर घेराबंदी की। इस दौरान आर्यन त्यागी (पुत्र सोहनलाल त्यागी, निवासी ग्राम बहेड़ी, थाना कोतवाली नगर, उम्र लगभग 24 वर्ष) को पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से 2 किलो 700 ग्राम अवैध डोडा बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी आर्यन त्यागी ने बताया कि उसने यह डोडा हाईवे पर एक ट्रक चालक से खरीदा था। वह इसे आने-जाने वाले लोगों को बेचने के लिए सादपुर रजवाहे की पटरी पर खड़ा था। हालांकि, पुलिस ने आरोपी के इस बयान की स्वतंत्र पुष्टि नहीं की है। इस मामले में कोतवाली नगर थाने में मु.अ.सं. 364/2026, धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ देवबंद और बड़गांव थानों में चोरी और संबंधित धाराओं के तहत कुल छह मामले दर्ज हैं। वर्तमान में एनडीपीएस एक्ट का यह मुकदमा भी उसके खिलाफ दर्ज किया गया है। पुलिस उसके अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी जुटा रही है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक मोहित कुमार, उपनिरीक्षक बच्चू सिंह, कांस्टेबल राजू सिंह, कांस्टेबल अशोक कुमार और कांस्टेबल रहीश आजम शामिल थे। रोहाना चौकी प्रभारी मोहित कुमार की भूमिका इसमें प्रमुख रही। पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।



# सीडीओ की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बुस.)।** सीडीओ ने एक्सिस बैंक को वित्तीय वर्ष में मात्र 1 लोन वितरित करने पर, नाराजगी व्यक्त करते हुए दिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश। सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित हुई। योजना में कुल लक्ष्य के सापेक्ष कम लोन स्वीकृति पर नाराजगी जताई गई। योजना की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने एक्सिस बैंक को वित्तीय वर्ष में मात्र 01 लोन वितरित करने पर चेताते हुए दिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश, इसके साथ ही एक्सिस बैंक समेत शून्य वितरण वाले शाखा प्रबन्धकों के खिलाफ लिखित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश उपयुक्त उद्योग को आदेश दिये। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, इंडियन बैंक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ इंडिया की योजना के उदासीन रवैये पर रोष व्यक्त किया गया। बैठक में कई शाखा प्रबंधक को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए चेताया गया। समीक्षा बैठक में सहायक आयुक्त उद्योग आशीष कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल कुमार सहित सभी जिला समन्वयक रहे।

# चरथावल कॉलेज में छात्रों से कराई गई सफाई, वीडियो वायरल

## – अभिभावकों ने उठाए सवाल, शिक्षा विभाग ने जांच शुरू की








**चरथावल, 19 अगस्त (बु.)।** चरथावल स्थित जय हिंद इंटर कॉलेज में छात्रों से कॉलेज के मुख्य गेट के बाहर सड़क किनारे सफाई कराए जाने का मामला सामने आया है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसके बाद अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि कॉलेज के पीटीआई द्वारा छात्रों से यह काम कराया जा रहा था। वायरल वीडियो में छात्रों के हाथों में किताबों की जगह झाड़ू दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने और अपना भविष्य संवारने के लिए विद्यालय आते हैं। उनसे विद्यालय परिसर से बाहर सड़क किनारे सफाई का कार्य कराया जाना कितना उचित है, यह जांच का विषय है। अभिभावकों ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए सफाई अभियान में शामिल करना एक अलग बात है, लेकिन, यदि उनसे नियमित रूप से सफाई का काम कराया जा रहा है, तो इसकी गहन जांच होनी चाहिए। इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन आकाश त्यागी और प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रजापति का कहना है कि यह सफाई स्वच्छता अभियान के तहत कराई जा रही थी। हालांकि, स्थानीय लोगों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जांच में छात्रों से अनुचित तरीके से सफाई कराने की पुष्टि होती है, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। मुजफ्फरनगर के जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 5439, दिनांक 19/04/2025 में गलती से पिता का नाम मौ0 सलमान (MOHD SALMAN) अंकित करा दिया गया, जबकि मेरा वास्तविक नाम मुहम्मद सलमान (MUHAMMAD SALMAN) है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। शुद्धिकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

मुहम्मद सलमान पुत्र मीर हसन
523/21/2, लद्धावाला, मुजफ्फरनगर
मो. 9045583278

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 4002, दिनांक 5/04/2021 में गलती से पुत्र का नाम दिव्यम अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम दिव्यम दीक्षित है। उसे भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक-अखिलेश दीक्षित
शांति नगर, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर
उ0प्र0 (251001), मो. 9639506238

# जैन मंदिरों में दिखा आस्था का सैलाब

## – सभी श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना के बाद चढ़ाया निर्वाण लाडू



**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बुस.)।** जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक (मोक्ष सप्तमी) का पर्व बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया। पूरे भारत वर्ष में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ जी का श्रावण शुक्ल की सप्तमी तिथि को जैन अनुयायियों द्वारा मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाता है। भगवान पार्श्वनाथ जी को श्री सम्मेद शिखर जी के स्वर्णभद्र कूट से मोक्ष प्राप्त हुआ था। इसी श्रंखला में 19 अगस्त दिन बुधवार को जैन धर्म के 23 वे तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक निर्वाण महोत्सव नगर के सभी जैन मंदिरों के साथ श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर जैन नगर कृष्णापुरी में बहुत ही धूम धाम के साथ मनाया गया। प्रातः काल से ही नगर के सभी जैन मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा नित्य नियम श्री जी का पूजन, प्रक्षाल व शांतिधारा की गई। उसके बाद अष्ट द्रव्य से श्री जी की पूजा अर्चना की गई। सभी श्रद्धालुओं ने निर्वाण कांड पढ़कर भगवान पार्श्वनाथ जी के चरणों में लाडू अर्पण किया व महाआरती की। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना में भी भगवान पार्श्वनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव बहुत ही भक्ति भाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही दूर दूर से आने वाले भक्तों का वहलना की पावन धरा पर तांता लगा रहा। इसी के साथ नगर के जैन औषधालय में विराजमान मुनि श्री १०८ अनुपम सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में भी प्रेमपुरी स्थित जैन औषधालय में भगवान पार्श्वनाथ मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया, जिसमें विगत 3 दिवसीय कल्याण मंदिर स्तोत्र का विधान किया गया, जिसमें सैकड़ों जैन श्रावक श्राविकाओं ने भाग लिया। नगर के अन्य सभी जैन मंदिर, जैन नगर, प्रेमपुरी, अबूपुरा, जैन मिलन विहार, नई मंडी, मुनीम कालोनी, सुरेन्द्र नगर, पारस एंक्लेव, द्वारका सिटी, महावीर चौक, अम्बा विहार, रेनबो विहार, नंद गांव आदि सभी जैन मंदिरों में भगवान पार्श्वनाथ के चरणों में निर्वाण लाडू अर्पण कर मोक्ष कल्याणक महोत्सव बहुत ही श्रद्धा व भक्ति के साथ बहुत ही धूम धाम से एक पर्व के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश जैन (गर्ग डूप्लेक्स),संजय जैन (पारस टीमटी), मनोज जैन (जैन मिलन विहार), रोहित जैन (अप्पु),विप्लव जैन,(नावला वाले) आशीष जैन (सीए), अमित जैन (पारसनाथ हार्डवेयर), अरिहंत जैन, विभोर जैन (कवाल वाले) पवन जैन, आशीष जैन (बसेड़ा वाले), अजय जैन (जोला वाले), स्वदेश जैन, विवेक जैन विक्की, आशीष जैन (तावली वाले), अमित जैन, अनुज जैन (नावला वाले), नवीन जैन (अम्बा) हर्षित जैन, सुनील जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।

पत्रांक:-935/E-Tender/P.W.D/NPP/2026-27 दिनांक:-19/08/2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2026-27 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 25 निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 27/08/2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 20/08/2026 की प्रात: 10:00 से दिनांक 27/08/2026 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 27/08/2026 की अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य राज्य वित्त आयोग की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक अभियन्ता (निर्माण)
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## शहजाद भट्टी का आतंकी नेटवर्क पकड़ में

जब संसद परिसर में अमित शाह संसद में आओ के नारे लग रहे थे, तब अमित शाह संसद में अपने चैम्बर में अपने अधिकारियों के साथ बैठकर आतंकी शहजाद भट्टी के आतंकी नेटवर्क को तबाह करने की योजना बना रहे थे। शहजाद भट्टी ने सोशल मीडिया पर मजहबी जज्बाती बातों के जरिये भटके हुए नौजवानों को बरगला रखा था, जो भारत ही में रहकर पाकिस्तानी आतंकी बने हुए थे। ये सारे आतंकी 15 अगस्त तक कई राज्यों में बड़ी तबाही करने का इरादा रखते थे, मगर भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने इस आतंकी नेटवर्क को गिरफ्त में ले लिया। गृहमन्त्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया कि स्वतंत्रता दिवस से पहले देश के 14 राज्यों में चलाए गए संयुक्त सुरक्षा अभियानों में आईएसआई समर्थित शहजाद भट्टी नेटवर्क के ऑपरेटिव्स को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा था कि इन कार्रवाइयों से संगठन की देश में हिंसक और विध्वंसक हमले करने की साजिश नाकाम हुई। अमित शाह के मुताबिक, सुरक्षा एजेंसियों ने कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में हथियार और अन्य सामान बरामद किया। उन्होंने दावा किया कि बरामद ग्रेनेड पर पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की मार्किंग थी। स्वतंत्रता दिवस 2026 से ठीक पहले, भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने 12 अगस्त 2026 को एक बड़े समन्वित अभियान में पाकिस्तानी आईएसआई समर्थित शहजाद भट्टी नेटवर्क को देश के 14 राज्यों में पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान 253 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया और भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक बरामद किए गए। नेटवर्क की गतिविधियां और साजिश,पाकिस्तान से संचालित होती हैं, यह नेटवर्क स्थानीय गुर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर या नशीली दवाओं की लत वाले युवाओं को पैसे देकर पुलिस, रक्षा और धार्मिक स्थलों की रेकी करवाता था। जासूसी और निगरानी के लिए संवेदनशील इलाकों में गुप्त रूप से सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जाते थे। शहजाद भट्टी इंटरनेट और सोशल मीडिया के माध्यम से भारत में युवाओं को फुसलाकर अपने साथ जोड़ता था। 14 राज्यों से जिन 250 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया, उनमें उत्तर प्रदेश से 62, हरियाणा से 52, दिल्ली से 51 और पंजाब से 44 लोग शामिल हैं। राजस्थान में 15 लोगों को पकड़ा गया। महाराष्ट्र से 8 और उत्तराखंड से 5 आरोपी गिरफ्तार हुए। कर्नाटक, गुजरात और बिहार से 3-3 लोग पकड़े गए। तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और केरल से 2-2 गिरफ्तारियां हुईं। इस नेटवर्क के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, आर्म्स एक्ट और विस्फोटक अधिनियम के तहत 80 से अधिक एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। केंद्रीय गृहमन्त्री अमित शाह ने इस बड़े ऑपरेशन की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्रवाई आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी शहजाद भट्टी से जुड़े कई मामलों की जांच कर रही है। इनमें मार्च 2025 में पंजाब के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रोजर संधू के घर पर ग्रेनेड हमला और उसी साल हरियाणा के महिला थाने में हुआ विस्फोट शामिल है। अप्रैल 2026 में एनआईए ने भट्टी को फरार आरोपी बताते हुए उसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। पिछले महीने ही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शहजाद भट्टी नेटवर्क के दो मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था। राजधानी में किसी महत्वपूर्ण सरकारी प्रतिष्ठान या पुलिस स्थापना पर आतंकी हमला करने की साजिश को नाकाम करते हुए पाकिस्तान से संचालित शहजाद भट्टी नेटवर्क के दो मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था। कार्रवाई में कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से तीन पेट्रोल बम, तीन अत्याधुनिक पिस्तौल, पांच जिंदा कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल, दो कारें और पाकिस्तानी हैंडलरों से बातचीत से जुड़े मोबाइल फोन बरामद किए गए। दोनों मॉड्यूल के खिलाफ स्पेशल सेल थाने में भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। जांच में सामने आया कि पहला मॉड्यूल पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े हैंडलर राना हुसैन के निर्देश पर काम कर रहा था, जो शहजाद भट्टी का करीबी सहयोगी बताया गया है। इस मॉड्यूल का उद्देश्य दिल्ली में किसी महत्वपूर्ण सरकारी प्रतिष्ठान या पुलिस स्थापना पर पेट्रोल बम से हमला करना था। स्पेशल सेल ने विजय घाट इलाके में जाल बिछाकर दानिश उर्फ चांद मियां और सलमान को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दानिश ने बताया था कि अप्रैल 2026 में सोशल मीडिया के जरिए उसकी राना हुसनैन से पहचान हुई थी। उसे दिल्ली में रेकी कर हमला करने की जिम्मेदारी दी गई थी और काम पूरा होने पर 20 हजार रुपये देने का लालच दिया गया था। वहीं सलमान को हमले का वीडियो बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी और उसे भी समान रकम का वादा किया गया था। अब नयी गिरफ्तारियों और पाकिस्तान की प्रतिक्रिया से यह मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। पाकिस्तान इस खुलासे से बौखलाया हुआ है, उसने फिर वही पुराना राग अलापा है। पाकिस्तान पहले भी भारत द्वारा दिये गये आतंकवाद के सबूत को नहीं मानता रहा है, अब भी वह नहीं मान रहा है कि इस आतंकी संगठन का उससे कोई संबंध है। अमित शाह के बयान पर पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर एंड्राबी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने मीडिया के सवालों के जवाब में बयान को बेबुनियाद बताया। पाकिस्तान ने कहा कि भारत पाकिस्तान से जुड़े आरोप लगाकर अपनी आंतरिक सुरक्षा समस्याओं से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है, जब भी भारत में कोई पाकिस्तानी आतंकी पकड़ा जाता है, यही बात पाकिस्तानी नेता दोहरा देते हैं। कसाब को भी पाकिस्तान ने पाकिस्तानी नहीं माना था। पाकिस्तान के आतंकी, भारत में अशांति चाहते है, लेकिन उन्हें यह मालूम नहीं कि आपरेशन सिंदूर अभी जारी है, उसे केवल होल्ड पर रखा गया है। शहजाद भट्टी पुराने आतंकियों से आगे निकल गया उसने भारत ही में सोशल मीडिया के जरिये ऐसा नेटवर्क बनाने की कोशिश की, जो अपनी ही मिट्टी से गद्दारी करने पर आमादा हो जाए। अभी तो एक बड़ा नेटवर्क कानून के शिकन्जे में आया है, पूरी तरह तबाह नहीं हुआ, न जाने इनके और कितने साथी, भारत में रहकर,भारत विरोधी मंसूबे बना रहे होंगे। अभी शहजाद भट्टी भी जिन्दा है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'तारीफ' 'बेमानी' 'वन्देमातरम' 'हिंदुस्तानी'

कितनी भी तारीफ करो तुम, उसकी सब है बेमानी,
जो वन्देमातरम पूर्ण न गाये वो कैसा हिंदुस्तानी?
भारत की तारीफ कहीं हो, उसके दिल पर चोट लगे,
जो वन्देमातरम पूर्ण न गाये वो कैसा हिंदुस्तानी?


### शोक-सन्देश

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य
**श्री अशोक कुमार सेठी जी**
का स्वर्गवास दिनांक 11 अगस्त 2026 को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
उनकी रस्म तेरहवीं, दिनांक 21.08.2026 दिन-शुक्रवार
को निम्न कार्यक्रमानुसार होनी निश्चित हुई है।
दिनांक - 21 अगस्त 2026, दिन-शुक्रवार
भोजन प्रसाद 12:00 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी 2:00 बजे दोपहर
कार्यक्रम स्थलः
आशीर्वाद पैलेस, लक्ष्मण विहार, मुजफ्फरनगर
शोक संतप्त परिवार
श्रीमती आरती सेठी (धर्म पत्नी)
अमित सेठी (पुत्र)
प्रियंका - अंकुर अरोरा (पुत्री-दामाद)
ज्योति – मनीष कपूर (पुत्री-दामाद)
आद्विक - कृदय (धेवते)
॥ विनीतः समस्त सेठी परिवार ।।
संपर्क सूत्र :- 8171633300


# किसान दिवस में समस्याओं को लेकर किसानों का हंगामा

## – अपर जिलाधिकारी (वि/रा०) अनिरुद्ध प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुआ किसान दिवस आयोजित

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बुस.)।** जिला पंचायत के चौधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित किसान दिवस की बैठक में किसानों और किसान नेताओं ने विभिन्न समस्याओं का समाधान नहीं होने पर अधिकारियों के सामने जमकर नाराजगी जताई। बिजली विभाग की कार्य-प्रणाली, एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत और पशुओं में फैल रही लंपी बीमारी को लेकर किसानों ने तीखे सवाल उठाए। कई मामलों में किसानों ने अधिकारियों पर शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। किसान नदीम निवासी बसी कलां ने विद्युत विभाग से जुड़ी समस्या को किसान दिवस में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि विद्युत उपभोग का करीब 1.21 लाख रुपये का बकाया बिल था, जिसे उनके द्वारा जमा किया जा चुका है। विभागीय स्तर से एनओसी भी जारी कर दी गई है। इसके बावजूद उन्हें नोटिस भेजा गया और पुलिस द्वारा दबिश दिए जाने की शिकायत सामने आई। नदीम ने आरोप लगाया कि बिल का भुगतान और एनओसी जारी होने के बाद





भी पुलिस कार्रवाई से उन्हें और उनके परिवार को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों से मामले की जांच कराकर अनावश्यक कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। किसानों ने एलपीजी गैस की किल्लत का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठाया। किसानों का कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं है। जरूरतमंद उपभोक्ताओं को सिलेंडर के लिए परेशान होना पड़ रहा है और कथित तौर पर ब्लैक में करीब 1500 रुपये तक सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों ने प्रशासन से गैस आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कराने और कालाबाजारी पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने एक माह में उपभोक्ताओं को दो सिलेंडर उपलब्ध कराने की व्यवस्था किए जाने की मांग भी रखी, ताकि घरेलू जरूरतों के लिए उन्हें परेशानी न उठानी पड़े। किसान नेता नीरज पहलवान ने पुरबालियान क्षेत्र की विद्युत समस्याओं को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने बिजलीघर के जेई की कार्यप्रणाली और कथित गलत आचरण पर सवाल उठाते हुए अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई की मांग की। उनका आरोप था कि ग्रामीणों की विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान में लापरवाही बरती जा रही है, जिससे किसानों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को बिजली से संबंधित शिकायतों के लिए लगातार विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। किसान नेताओं ने अधिकारियों से ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, बिलों और शिकायतों के निस्तारण की व्यवस्था की निगरानी करने की मांग की। किसान दिवस में पशुओं में लंपी बीमारी को लेकर भी किसानों ने विभागीय उदासीनता पर रोष जताया। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि लंपी बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण के जो दावे किए जा रहे हैं, वे धरातल पर पूरी तरह दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने टीकाकरण अभियान को कागजी बताते हुए गांवों में वास्तविक स्थिति की जांच कराने की मांग की। किसानों ने मांग की कि पशुपालन विभाग की टीमें गांव-गांव भेजी जाएं और पशुओं की जांच के साथ उनका टीकाकरण कराया जाए। किसानों का कहना था कि बीमारी की रोकथाम के लिए समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# दबंगों ने लड़कियों को पीटा व कपड़े फाड़े, आरोप, पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** एक महिला ने कुछ दबंगों पर उसकी दो बेटियों के साथ मारपीट कर उसके कपड़े फाड़ने और गला दबाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि शिकायत करने पर उन्हें ही पुलिस ने थाने पर बैठा लिया। वह स्वयं शिकायत लेकर पहुंची, लेकिन दबंगों के दबाव में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उत्तराखंड निवासी सरोज ने एसएसपी को दिए प्रार्थनापत्र में कहा कि उसकी लड़कियां राधिका व तान्या अपनी बुआ प्रमिला उर्फ छोटी पत्नि पवन, निवासी-कस्बा व थाना चरथावल के यहां सावन की कोथली लेकर आई हुई थी कि सन्दीप, हिमांशू, चीनू पुत्रगण समयसिंह व मोनू व शिवानी पुत्री समयसिंह व छोटा व निक्की पुत्रगण घसीटू व दो अज्ञात व्यक्ति निवासीगण कस्बा व थाना चरथावल जबरदस्ती उसकी नन्द



प्रमिला के घर में घुस आये और उसकी लडकियों को मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए बुरी तरह मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने दी। इसमें लड़की तान्या का दांत भी तोड़ दिया और कपड़े फाड़ दिये। लड़कियों को काफी गंभीर चोटें आई। एक लड़की राधिका उसे फोन करने लगी तो संदीप ने उसका फोन छीनकर जमीन पर पटककर मारकर तोड़ दिया और उसका गला घोंट दिया। शोर मचाने पर परिजनों ने उनकी जान बचाई। उन्होंने थाने पर उक्त घटना की सूचना दी तो थाने वालों ने शिकायत लेकर पहुंची लडकियों को ही थाने पर बैठा लिया और उनको डरा धमकाकर गलत तरीके से उनकी थाने पर वीडियो बनाई। वह स्वयं उक्त घटना की रिपोर्ट लिखाने के लिये थाने पर गई और घटना की सूचना थाने पर दी परन्तु थाने वालों ने रिपोर्ट नही लिखी। शिकायतकर्ता सरोज पत्नी बिजेंद्र निवासी देवबंद हाल निवासी-जगदीशपुर जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड) ने एसएसपी से मांग की है कि थाना-चरथावल पर मामले की रिपोर्ट दर्ज करके मुलजिमान उपरोक्त के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए।

# एसएसपी को ब्रह्म कुमारी बहनों ने राखी बांधी



**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** ब्रह्म कुमारी संस्थान की बहनों द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर को राखी बांधी गयी। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बहनों को सुरक्षा का वचन दिया गया। ब्रह्म कुमारी संस्थान मुजफ्फरनगर की बहनों ने आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए राखी बांधी गयी तथा जनकल्याण संदेश देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बहनों का आभार प्रकट किया गया तथा उन्हें सुरक्षा का वचन देते हुए कहा कि यदि कभी भी कोई समस्या हो तो तत्काल पुलिस को अवगत कराएं अथवा मेरे कार्यालय आकर सम्पर्क कर सकते हैं।



# बीएसएनएल पेंशनर्स एसोसिएशनों ने 11 सूत्रीय मांगों के लिए धरना दिया

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बुस.)।** बीएसएनएल पेंशनर्स की एआईबीडीपीए एवं एसएनपीडब्ल्यूए एसोसिएशन्स द्वारा नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी आफ पेंशनर्स एसोसिएशन के आह्वान पर पटेल नगर टेलीफोन एक्सचेंज परिसर में धरना दिया गया तथा प्रधानमंत्री के नाम मांगपत्र का ज्ञापन भी सहायक महाप्रबंधक राजीव कुमार रवि को सौंपा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रामबीर सिंह परिमंडलीय सचिव, संचार निगम पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश (पश्चिम) भी उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता मो. इस्राइल सर्कल अध्यक्ष ने की। आरयू सिंह जिला सचिव एआईबी डीपीए, गणेश दत्त शर्मा, आदित्य गर्ग जिलासचिव एसएनपीडब्ल्यूए एवं जनार्दन शर्मा आदि ने 11 सूत्रीय मांगों पर अपने विचार व्यक्त किये। धरने में आरयू सिंह, आदित्य गर्ग, मो. इस्राइल, रामबीर सिंह, गणेश दत्त शर्मा, एसके त्यागी, एनडी त्यागी, सुल्तान सिंह, एसके शुक्ला, जेपी गुप्ता, राम सिंह, सतीश कुमार, आरडी रावत, राजबीर सिंह, एससी रुडी, आरडी रावत, एनपी निगम, रामबली, राधेश्याम सैनी, बीडी त्यागी, रमाकांत, जयकिशन, कृष्णपाल, जय सिंह, धर्मपाल सिंह, बाबू राम सैनी, लालचंद, बृजमोहन शर्मा, हरिश्चंद्र, सोहनबीर, वीके शुक्ला, सुरेंद्र कुमार, बीएम शर्मा, बीडी त्यागी, मुकेश कुमार शर्मा, खेमचंद, एनपी निगम, रिषी पाल, मंजू शर्मा आदि भारी संख्या मे पेन्शनरस उपस्थित रहे।

# पन्ना धाय की जातीय पहचान पर विवाद

## – भारत के नारी रत्न पुस्तक में खीची राजपूत लिखे जाने पर आपत्ति, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बुस.)।** भारत सरकार की ओर से प्रकाशित पुस्तक भारत के नारी रत्न में पन्ना धाय की जातीय पहचान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। बुधवार सुबह करीब 11 बजे अखिल भारतीय गुर्जर महासभा, मुजफ़्फ़रनगर के बैनर तले दर्जनों लोगों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री के नाम डीएम के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपकर पुस्तक में प्रकाशित तथ्य की जांच कराने की मांग की गई। महासभा की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रकाशित भारत के नारी रत्न पुस्तक के वर्ष 2022 के संस्करण के पृष्ठ संख्या-8 पर राजस्थान की वीरांगना पन्ना धाय की जातीय पहचान खींची राजपूत के रूप में अंकित की गई है। महासभा ने इस विवरण पर



आपत्ति जताते हुए इसे उपलब्ध ऐतिहासिक एवं प्रमाणित स्रोतों से अलग बताया है। महासभा का दावा है कि राजस्थान के पांडोली (चित्तौड़गढ़) पैनोरमा, कैमरी (राजसमंद) पैनोरमा और गोवर्धन विलास, उदयपुर स्थित पैनोरमा/पार्क एवं प्रतिमाओं सहित विभिन्न सरकारी प्रस्तुतियों में पन्ना धाय की पहचान गुर्जर समाज से संबंधित दर्शाई गई है। महासभा ने कहा कि ऐसे में भारत सरकार के आधिकारिक प्रकाशन में अलग विवरण प्रकाशित होने से ऐतिहासिक तथ्यों को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा होती है। ज्ञापन में कहा गया है कि संगठन का उद्देश्य किसी समाज का विरोध या अपमान करना नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक तथ्यों की प्रामाणिकता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना है। महासभा ने कहा कि पन्ना धाय का त्याग और बलिदान किसी एक समाज तक सीमित नहीं, बल्कि देश की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत का हिस्सा है। महासभा ने केंद्र सरकार से पुस्तक में प्रकाशित जानकारी की तथ्यात्मक जांच कराने और राजस्थान सरकार सहित अन्य प्रमाणित ऐतिहासिक स्रोतों से तथ्यों का सत्यापन कराने की मांग की है। मांग की गई कि यदि पुस्तक में प्रकाशित जातीय पहचान का विवरण जांच में गलत पाया जाता है, तो उसे संशोधित कर शुद्धिपत्र जारी किया जाए और पुस्तक के आगामी संस्करण में सही तथ्य प्रकाशित किए जाएं। संगठन ने यह भी मांग की कि पुस्तक में पन्ना धाय की जातीय पहचान किस स्रोत के आधार पर प्रकाशित की गई, इसकी जांच कर जिम्मेदारी तय की जाए।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष ने डबल इंजन की सरकार पर साधा निशाना

## - ओम प्रकाश राजभर कैबिनेट मंत्री बने रहने के बावजूद भी अपने समाज का आरक्षण नहीं बचा पा रहे

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बुस.)।** बुधवार को समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने नगर सांसद हरेंद्र मलिक के आवास पर पहुंचकर मीडिया से वार्ता की और उन्होंने भाजपा की डबल इंजन की सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर पर भी जमकर कटाक्ष किया और राजभर को गैर राजनीतिक व्यक्ति बताते हुए कहा कि वह कैबिनेट मंत्री बने रहने के बावजूद भी अपने समाज का आरक्षण नहीं बचा पा रहे। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए श्यामलाल पाल ने कहा कि हमारे सभी नेता 2027 की मूवी में सभी लोग तैयार हैं और प्रदेश की सरकार को हटाकर नई सरकार सामाजिक न्याय वाली सरकार बनाई जायेगी। गठबंधन के सवाल पर श्यामलाल पाल ने कहा कि हमारी पार्टी तो इंडिया एलाइंस है। इंडिया एयरलाइंस में जो शामिल होना चाहेगा, संविधान लोकतंत्र को बचाने के लिए वह रहेगा। उन्होंने कहा कि पीडीए का मतलब पूरी तरह से जनता समझ रही है पीडीए का मतलब है। पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक। पीडीए प्रेम, दया और अपनापन अपना करके भारत के संविधान और लोकतंत्र को बचाने जाने जा रहा है। वर्तमान केंद्र और प्रदेश की सरकार डबल इंजन की सरकार शिक्षा विरोधी है। प्रदेश में 26000 से अधिक प्राइमरी विद्यालयों को बंद किया गया। माध्यमिक विद्यालय की स्थिति डामाडोल है और



विश्वविद्यालयों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं। संविधान के विपरीत डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। जौहर अली विश्वविद्यालय रामपुर पर कार्यवाही के सवाल पर श्यामलाल पाल ने कहा कि यह गलत है। ओम प्रकाश राजभर के सवाल पर कहा कि राजभर गैर राजनीतिक व्यक्ति है, जहां पर है वह अपने समाज का आरक्षण ही नहीं बचा पा रहे है। केवल वह मंत्री कैबिनेट बने रहे, आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ है, तो उनका भला हो, वह गैर राजनीतिक व्यक्ति है, वह समाज का हित नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन संविधान बढ़ाने जा रहा है। वह वैचारिक तालमेल होते हैं, समाजवाद विचारों का विमर्श करता है और उन्हें विचारों के विमर्श से समाजवाद आया समाजवाद चाहता है उसे व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आए जिस व्यक्ति के मुस्कान नहीं है।

# नाबालिग के अपहरण में महिला व उसका पति गिरफ्तार





**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** थाना एएचटी द्वारा नाबालिग किशोरी के अपहरण के मामले में वांछित एक महिला व उसके पति को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी एएचटी सतेन्द्र सिंह ने बताया कि नाबालिग किशोरी के अपहरण के मामले में वांछित एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

6 मार्च को थाना कोतवाली नगर पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि अज्ञात व्यक्ति उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। उक्त अभियोग को थाना एएचटी पर स्थानान्तरित किया गया तथा अपहर्ता की बरामदगी हेतु टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा 17 अगस्त को उक्त अपर्हत किशोरी को उन्नाव टोल प्लाजा से सकुशल बरामद किया गया था। आज उक्त अभियोग में वांछित गजेन्द्र पुत्र जितेन्द्र निवासी ग्राम नंगला सेवा थाना कोतवाली देहात, एटा तथा उसकी पत्नी मुस्कान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।


ACCOUNTANT REQUIRED
We are looking for an ACCOUNTANT for a Full-Time Position
REQUIREMENTS
• Exp - 2 to 5 yrs
• Good knowledge of GST, TDS, preparation of accounts and Trial Balance is mandatory
• Hands-on experience in Tally Prime is mandatory
Tally Prime
SALARY
Starting 20000/-
for the deserving candidate
INTERVIEW DATES
20 AUGUST TO 22 AUGUST
INTERVIEW TIMING
11:00 AM TO 6:00 PM
CONTACT
9520885793
Jai Shri Ganesh Trading Company
(Nawal makhana)
Kukra Mandi, Muzaffarnagar


# टक्कर लगने से बाइक सवार युवक घायल

**शाहपुर, 19 अगस्त (बु.)।** क्षेत्र में गांव सोरम के गेट नम्बर दो के पास एक कार की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। क्षेत्र के गांव सोरम निवासी 25 वर्षीय अर्जुन बाइक पर सवार होकर पेट्रोल पंप से बाइक में तेल भरवाने के बाद अपने गांव वापस लौट रहा था, जब वह गांव जाने वाले गेट नंबर दो की ओर मुड़ा तो बुढाना की ओर से आ रही एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गया और घायल हो गया। कार चालक ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद अस्पताल पहुंचकर घायल से घटना की जानकारी ली। सूचना पर घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और उन्होंने प्राथमिक उपचार दिलाने के बाद घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।



# सचिन सिंघल राष्ट्र जन चेतना मंच के प्रदेश मुख्य संरक्षक मनोनीत

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** राष्ट्र जन चेतना मंच उत्तर प्रदेश की बैठक कूकड़ा मंडी में हुई। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता सचिन सिंघल को राष्ट्र जन चेतना मंच उत्तर प्रदेश का मुख्य संरक्षक मनोनीत किया गया।जिला कार्यकारिणी द्वारा सचिन सिंघल को पगड़ी और अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया बैठक में मौजूद रहे। संगठन अध्यक्ष विकास अग्रवाल, उपाध्यक्ष अंकुर गुप्ता, महामंत्री मनीष बंसल, संगठन मंत्री/कोषाध्यक्ष कपिल गुप्ता, सहारनपुर मंडल प्रभारी सुरेन्द्र मित्तल, जिलाध्यक्ष अमित गोयल, युवा जिलाध्यक्ष वत्सल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार, जिला कोषाध्यक्ष आदेश संगल व अन्य लोग मौजूद रहे



# खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**शाहपुर, 19 अगस्त (बु.)।** खंड शिक्षा अधिकारी ने क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण कर मिड डे मील सहित विद्यालयों में उपलब्ध अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने तथा बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खंड शिक्षा अधिकारी संजय भारती ने बुधवार को क्षेत्र के गांव काकड़ा व चांदपुर तगान में स्थित परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि गांव चांदपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में 75 बच्चे पंजीकृत हैं, जिनमें से निरीक्षण के दौरान 55 बच्चे उपस्थित मिले। इसके बाद उन्होंने गांव काकड़ा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय में 17 बच्चे पंजीकृत हैं, जिनमें से 13 बच्चे उपस्थित मिले। उन्होंने विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों



एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में कार्यरत स्टाफ उपस्थित मिला। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों में बच्चों के लिए उपलब्ध हैंडपंप, हैंडवॉश सहित पेयजल एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मिड डे मील के तहत बच्चों को वितरित किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की। दूध की गुणवत्ता परखने के लिए उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर स्वयं भी दूध पिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ ही पेयजल और हैंडवॉश की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने शिक्षकों को शिक्षण कार्य में विशेष रुचि लेते हुए शिक्षा के स्तर में लगातार सुधार करने तथा बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।


J.P.S. PUBLIC SCHOOL, MORNA
READ LEAD SUCCESS
Affiliated to C.B.S.E. 10 +2
Bhopa Road, Morna, MZN.
VACANCY
REQUIREMENTS
• PGT- Commerce
• PGT- English
• PGT- Maths
• TGT- Maths
• PRT- All Subject
• Pre- Primary
Inspiring Young Minds Building Brighter Futures
QUALIFICATION: As per C.B.S.E. norms.
Transport Facility available from MZN.
SEND RESUME TILL 27 AUG 2026
RESUME
Email ID- jpspublicschoolmzn@gmail.com
Whatsapp - 7017475907, 8938967401

## संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**बुढ़ाना, 19 जुलाई (बु.)।** फुगाना थाना क्षेत्र के गांव जोगिया खेड़ा में देर रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही फुगाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। जानकारी के अनुसार जोगिया खेड़ा निवासी शहजाद पुत्र लिल्ला ने देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फुगाना थाना प्रभारी दीपक चौधरी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दुकान में चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद

**खतौली, 19 जुलाई (बु.)।** नगर के मौहल्ला कानून-गोयान स्थित सुनार प्रिंस वर्मा की दुकान में एक युवक का चोरी करते हुए वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। दुकान स्वामी ने पुलिस को सूचना देकर कार्यवाही कि मांग की। मिली जानकारी के अनुसार सुनार प्रिंस वर्मा की दुकान में एक अज्ञात युवक चोरी के इरादे से दुकान में घुस गया और उसने स्वर्णकार के काउंटर की दराज खंगालनी शुरी कर दी। बताया जाता है कि उस समय सुनार खाना खाने गया हुआ था। खाना खाकर वापस दुकान पर आने पर जब प्रिंस वर्मा ने अपने काउंटर की दराजे खुली हुई पाई, तो उसने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखकर उसके होश उड़ गए, तुरंत प्रिंस वर्मा ने इसकी सूचना खतौली पुलिस को दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दुकानदार पर किशोरी से आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप

**खतौली, 19 जुलाई (बु.)।** परिजनों द्वारा गांव के दुकानदार पर किशोरी से आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगधाड़ी निवासी नीरज पत्नी संजू द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया की उसकी लड़की विपिन किरयाना दुकानदार पर सामान लेने गई थी, जहाँ दुकानदार ने युवती के साथ अभद्र व्यवहार एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की। युवती ने घर आकर इस घटना की जानकारी घरवालों को दी। पीड़ित परिवार द्वारा खतौली थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## रुपये के लेन-देन को लेकर हुए हमले में एक युवक घायल

**खतौली, 19 जुलाई (बु.)।** रंग-पेंट के सामान के बकाया रकम को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराते हुए परिजनों द्वारा कोतवाली पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला लाल मौहम्मद निवासी शमीम खान द्वारा कोतवाली में दी गयी तहरीर में बताया कि उसके बेटे साहिल खान से माज प्रॉपर्टी डीलर ने माल खरीदा था, जिसके 94 हजार रुपये की रकम बकाया थी, जिसमें से कुछ रकम का भुगतान भी किया जा चुका था। पीड़ित शमीम ने बताया कि बीती रात माज प्रॉपर्टी डीलर अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ उनकी दुकान पर आया। आरोप है कि उक्त लोगों ने दुकान में घुसकर लाठी-डंडों से लैस होकर हमला बोल दिया। हमले में साहिल के साले का पुत्र परवेज गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे गंभीर हालत में तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां से घायल को जिला अस्पताल भर्ती किया गया है। पीड़ित परिजनों द्वारा हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। ठोस कार्रवाई न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

## दिल्ली के टिकरी कलां में सीएनजी स्टेशन पर गैस टैंक फटा, तीन की मौत

**दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** दिल्ली के टिकरी कलां इलाके में बुधवार को एक सीएनजी स्टेशन पर वाहन में गैस भरते समय उसके गैस टैंक में जोरदार विस्फोट हो गया। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। तीनों मृतक सीएनजी फिलिंग स्टेशन के कर्मचारी थे। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट की चपेट में आने से पास में खड़े छह लोग घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा को घटना की सूचना अपराह्न 3.37 बजे मिली, जिसके बाद छह दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। उन्होंने कहा कि विस्फोट के सही कारण का अभी पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच की जा रही है।

## सुथार के 10 विकेट से भारत 165 रन से जीता

**कोलंबो, 19 अगस्त (एजेंसी)।** भारत ने गॉल टेस्ट में श्रीलंका को 165 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। यह भारत का 600वां टेस्ट मैच था। श्रीलंका को जीत के लिए 372 रन का टारगेट मिला था, लेकिन टीम दूसरी पारी में 206 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत की जीत के हीरो 24 साल के स्पिनर मानव सुथार रहे। उन्होंने मैच में 10 विकेट लिए। दूसरी पारी में 55 रन देकर 6 विकेट लेने वाले सुथार ने श्रीलंका के आखिरी चार विकेट सिर्फ 10 गेंद में लेकर भारत को जीत दिलाई। देवदत्त पडिक्कल को उनकी 167 रन की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। सुथार ने पहली पारी में 76 रन देकर 4 विकेट लिए। दूसरी पारी में उन्होंने 6 विकेट झटके। श्रीलंका की दूसरी पारी के आखिरी में सुथार ने दो ओवर में 4 विकेट लेकर मैच पलट दिया।



## कभी-कभी बेवजह भी होती हैं मुलाकातें : संजीव बालियान

बड़े दिनों बाद पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान लखनऊ उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात के लिए पहुंचे तो मुलाकात के बाद उनसे जब यह पूछा गया कि आज किस सम्बंध में उपमुख्यमंत्रियों से मुलाकात कर क्या-क्या चर्चाएं की तो संजीव बालियान ने जवाब दिया कि हर मुलाकात का कोई मतलब नहीं होता, कभी-कभी बेवजह मुलाकात करना भी दिलचस्प होता है। आज की मुलाकात सिर्फ शिष्टाचारिक भेंट थी। किसी प्रकार की राजनीति पर कोई चर्चा नहीं हुई, मगर ये बेवजह की मुलाकात भी यादगार और शानदार रही।

## एक व्यक्ति के नाम पर कितने मोबाइल कनेक्शन? लागू होगा नया नियम; अतिरिक्त नंबर होंगे बंद

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** मोबाइल कनेक्शन को लेकर सरकार ने नियमों के पालन को और सख्त करने की तैयारी कर ली है। दूरसंचार विभाग ने ऐसे ग्राहकों की पहचान और निगरानी के लिए नए निर्देश जारी किए हैं, जिनके नाम पर पहले से तय सीमा तक मोबाइल कनेक्शन हैं। 24 अगस्त 2026 से टेलीकॉम कंपनियां फोटो के जरिए ऐसे ग्राहकों की पहचान कर सकेंगी और तय सीमा से अधिक नया मोबाइल कनेक्शन लेने से उन्हें रोकेंगी। दूरसंचार विभाग ने 17 अगस्त को जारी सर्कुलर में कहा कि एक व्यक्ति के नाम पर सभी टेलीकॉम कंपनियों और सभी लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्रों में अधिकतम नौ मोबाइल कनेक्शन हो सकते हैं। जम्मू-कश्मीर, असम और पूर्वोत्तर के लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्रों में यह सीमा छह मोबाइल कनेक्शन की है।

# 16% तक महंगा हुआ मोबाइल रिचार्ज

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** प्रीपेड मोबाइल रिचार्ज 16% तक महंगा हो गया और आपको पता भी नहीं चला। एयरटेल ने अपने रिचार्ज के दाम बढ़ाने के बजाय, सीधे कई प्लान ही खत्म कर दिए। जियो प्राइम मेंबरशिप ले आई है। इस ह्यसाइलेंट हाइकह्न के बाद भी अगले 3-4 महीनों में दाम और बढ़ने के आसार हैं। भारत के टेलिकॉम मार्केट में अभी 3 प्राइवेट कंपनी- जियो, एयरटेल, वोडाफोन-आईडिया और 1 सरकारी यानी इरठछ की हिस्सेदारी है। 12 अगस्त 2026 को एयरटेल ने 249 रुपए, 299 रुपए, 579 रुपए, 619 रुपए और 649 रुपए वाले अपने 5 प्रीपेड प्लान बंद कर दिए। इन कैटेगरी में अब लोगों को जो दूसरे प्लान लेंगे होंगे, वो 5 से 16% तक महंगे हैं। मिसाल के लिए 299 वाले प्लान में 28 दिन तक रोजाना 1.5 जीबी डेटा मिलता था, अब कंज्यूमर्स के पास अगला ऑप्शन 349 रुपए का है। इसमें 28 दिनों के लिए रोजाना 2जीबी डेटा मिलता है। ये कीमत में करीब 16% की बढ़ोत्तरी है। जियो ने कोई प्लान बंद नहीं किया है, बल्कि एक 'जियो प्राइम' मेंबरशिप शुरू की है। इसके तहत 300 रुपए चुकाने पर एक साल तक प्राइस प्रोटेक्शन मिलेगा। यानी आप जो प्लान अभी जितने का ले रहे हैं, आपको पूरे साल उतने का ही मिलता रहेगा। ये मेंबरशिप फीस साल के महीनों के हिसाब से बांटी जाए, तो ये 299 रुपए के प्लान पर असल में करीब 8% के हाइक जैसा है। हालांकि वोडाफोन-आईडिया और बीएसएनएल ने हाल-फिलहाल में कोई प्लान बंद नहीं किया है। एंट्री लेवल पर कुछ नए प्लान शुरू किए हैं। कई रिसर्च और एनालिसिस से जुड़े संस्थानों के मुताबिक, प्रीपेड टैरिफ प्लान में अगला प्राइस हाइक अक्टूबर से लेकर दिसंबर 2026 तक हो सकता है।

# राजमार्ग पर भरे पानी के समीप विद्युत पोल में उतरा करंट, बैल की मौत, गुस्साए लोगों ने किया हंगामा

**मीरापुर, 19 अगस्त (बु.)।** पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते मीरापुर कस्बे में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। कस्बे की जाट कॉलोनी में कई घरों में बारिश और नालियों का गंदा पानी भर गया है। वहीं दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर जलभराव के बीच विद्युत पोल में करंट उतरने से जंगल से बुग्गी में चारा लेकर लौट रहे किसान के बैल की करंट लगने से मौत हो गई। किसान बुग्गी से नीचे नहीं उतरा, जिसके चलते वह बाल-बाल बच गया। बुधवार की सुबह कस्बे के मौहल्ला नवाबपट्टी निवासी किसान सोनू पुत्र कमरुद्दीन बैलगाड़ी से जंगल से पशुओं के लिए चारा लेकर लौट रहा था। जैसे ही वह दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर भरे पानी से होकर गुजरने लगा, तभी जलभराव के बीच खड़े विद्युत पोल में उतरे करंट की चपेट में आकर बैल की मौके पर ही मौत हो गई। किसान के बुग्गी से नीचे नहीं उतरने के कारण उसकी जान बच गई। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। लोगों ने विद्युत विभाग को सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई। बैल की मौत से आक्रोशित नागरिकों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और लोगों को समझाने का प्रयास किया। गुस्साए लोगों ने विद्युत विभाग के जेई को मौके पर बुलाने की मांग की। कुछ समय बाद जेई सतीश कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद लोगों का





गुस्सा शांत हुआ। इसके बाद मृत बैल को मौके से हटाया गया। वहीं दूसरी तरफ जामा मस्जिद के समीप भरे पानी से होकर निकल रहे गंगदासपुर निवासी नीरज उसकी पत्नी व तीन वर्षीय पुत्र विहान पानी गिर गए, जिससे बच्चा विहान बुरी तरह घायल हो गया।

## बार-बार हादसों के बावजूद प्रशासन नहीं ले रहा सबक

**मीरापुर।** में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर जलभराव की समस्या विकट रूप ले चुकी है। लगातार जलभराव के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। मंगलवार को भी स्कूली बच्चों से भरी ई-रिक्शा राजमार्ग पर भरे पानी में पलट गई थी, जिससे बच्चे पानी में गिर गए थे। वहीं एक स्कूल बस भी यहां पलटने से बाल-बाल बची थी। प्रतिदिन दर्जनों दुपहिया वाहन चालक जलभराव में गिरकर घायल हो रहे हैं। इसके बावजूद प्रशासन और नगर पंचायत ने जलभराव की समस्या का अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया है। लगातार हो रहे हादसों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। यदि जल्द ही जलभराव की इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो यह किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

## यूपी की नौकरशाही संस्कृति के लिए उपयुक्त नहीं हूं, आईएएस रिंकू सिंह राही ने मांगा कैडर ट्रांसफर

**जालौन, 19 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लंबी पोस्ट लिखकर प्रदेश की मौजूदा नौकरशाही व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी और वर्तमान सेवा के अनुभवों के आधार पर उन्हें यह



स्वीकार करने में कोई संकोच नहीं है कि वह उत्तर प्रदेश की वर्तमान नौकरशाही संस्कृति के लिए उपयुक्त नहीं हैं। उन्होंने दूसरे राज्य या कैडर में जाकर सकारात्मक काम करने का अवसर मिलने की इच्छा भी जताई है। कैडर बदलने की उनकी मांग की जानकारी पहले भी सामने आ चुकी है। राही ने अपनी पोस्ट में लिखा कि आईएएस बनने का उनका उद्देश्य उन कार्यों को करना था, जिनकी अपेक्षा जनता से किए गए वायदों को पूरा करने के लिए देश और प्रदेश का नेतृत्व प्रशासन से करता रहा है। उनका आरोप है कि उत्तर प्रदेश की नौकरशाही में संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप निचले स्तर तक काम करना मुश्किल बना हुआ है। उन्होंने लिखा कि भ्रष्ट नौकरशाही कभी नहीं चाहेगी कि उनके जैसे लोगों को स्वतंत्र रूप से काम करने का अवसर मिले। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि ईमानदार लेकिन व्यवस्था में रच-बस चुके अधिकारियों के सामने भी यह अहं का सवाल हो सकता है कि यदि वे कोई काम नहीं कर पाए तो कोई दूसरा कैसे कर सकता है।

# 3 बच्चों की मां को लेकर फरार हुआ था युवक

**▶▶तलाश में गई टीम की जमकर धुनाई, वीडियो हुआ वायरल**

**बुढ़ाना, 19 जुलाई (बु.)।** यहां पर एक ऐसा अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। जिसने पूरे कस्बा बुढ़ाना में सनसनी फैलाकर रख दी। यहां से 3 बच्चों की मां दो दिन पहले अपने उस आशिक को लेकर घर से फरार हो गयी। जिस युवक की शादी लगभग 4 माह पहले ही किसी युवती के संग हुई थी। अब महिला का पति और युवक की नई पत्नि पशोपेस मे हैं, जबकि प्रेमी युगल ने अपनी सुरक्षा के लिए बुढ़ाना पुलिस की शरण ली है। प्रेमी युगल अपने पति और अपनी नई पत्नि को छोड़कर एक-दूसरे के संग रहने की जिद पर अड़े हुए हैं। उधर महिला के बच्चों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। इस मामले में एक और दिलचस्प बात ये भी हुई कि प्रेमी के परिजन भनक लगते ही फरार प्रेमी-युगल के पास पहुंच गये और दोनों प्रेमी-प्रेमिका को पनाह देने वाले मौलाना के साथ में मारपीट कर दी तो विरोध स्वरुप सभी को कुछ ग्रामीणों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, जिसका वीडियो भी कुछ देर में वायरल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की सफीपुर पट्टी निवासी एक महिला जिसके तीन बच्चे हैं उसने एक दो माह पहले ही बुढ़ाना कस्बे के एक युवक को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। उक्त युवक की शादी अभी करीब 4 माह पहले ही हुई थी। तब दोनों बीती सोमवार को मौका पाकर घर से फरार हो गये। जब युवक के परिजनों को इस बात की भनक लगी, तो उन्होंने चोरी छिपे दोनों को इधर-उधर तलाशना शुरू कर दिया। तब परिजनो को बीते कल ही पता लगा कि दोनों को जिला सहारनपुर के गांव इमली में बुढ़ाना निवासी एक मौलाना ने पनाह दी हुई है, तो वे इमली गांव ही पहुंच गये और मौलाना की पिटाई कर दी। तब वहां के ग्रामीणों ने युवक के परिजनों को घेरकर मारपीट की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

## अखिलेश की चवन्नी टिप्पणी पर जयंत बोले- अपने बारे में बात करें, जनता ही तय करती है कौन नेता होगा

**मेरठ, 19 अगस्त (एजेंसी)।** अखिलेश यादव की टिप्पणी पर राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को अपने बारे में बात करनी चाहिए,



यह बेहतर होगा। जयंत चौधरी ने कहा कि ऐसे बयानों से अखिलेश यादव के समर्थक भी सोचने पर मजबूर होते हैं। उन्होंने लोकतंत्र का हवाला देते हुए कहा कि जनता ही तय करती है कि नेता कौन होगा। अखिलेश यादव की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि उन्हें अपने बारे में बात करनी चाहिए। उनके मुताबिक, दूसरों पर टिप्पणी करने के बजाय अपनी राजनीति और अपने बारे में बात करना ज्यादा बेहतर होगा। जयंत चौधरी के इस बयान को अखिलेश यादव की टिप्पणी का सीधा जवाब माना जा रहा है। जयंत चौधरी ने कहा कि अखिलेश यादव के जो भी समर्थक हैं, इस तरह के बयानों से वे भी उन्हें लेकर सोचने पर मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति में जनता की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और अंतिम फैसला भी जनता का ही होता है। जयंत चौधरी ने कहा, 'बाकी, यह लोकतंत्र है, लोग ही नेता चुनते हैं।ह्व उन्होंने अपने जवाब में जनता के फैसले को लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार बताया। उनके इस बयान के बाद उत्तर प्रदेश की सियासत में इसे लेकर चर्चा तेज हो गई है।

## जर्जर पुरानी तहसील-थाना परिसर का एसडीएम ने किया निरीक्षण, जल्द गठित होगी टीम; गिराई जाएगी इमारत

**बुढ़ाना, 19 जुलाई (बु.)।** अंग्रेजों के जमाने की पुरानी तहसील और थाना परिसर की जर्जर इमारत को लेकर प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है। भाजपा नेता हिमांशु संगल द्वारा एसडीएम सत्येंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग किए जाने के बाद एसडीएम मौके पर पहुंचे और जर्जर इमारत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने परिसर की स्थिति का जायजा लिया। बताया गया कि पुरानी तहसील और थाना परिसर सैकड़ों वर्ष पुराना है और लंबे समय से देख-रेख के अभाव में इसकी हालत जर्जर हो चुकी है। दीवारों के कमजोर होने के कारण यहां कभी भी हादसा होने की आशंका जताई जा रही थी। भाजपा नेता हिमांशु संगल ने प्रशासन से मांग की थी कि किसी बड़े हादसे से पहले जर्जर भवन को हटाया जाए। उन्होंने जानसठ में हाल ही में सैकड़ों वर्ष पुराने रानी के महल के गिरने की घटना का हवाला देते हुए समय रहते कार्रवाई की जरूरत बताई थी। एसडीएम सत्येंद्र कुमार सिंह ने निरीक्षण के बाद बताया कि जर्जर इमारत की स्थिति को देखते हुए जल्द ही एक टीम गठित की जाएगी। टीम द्वारा आवश्यक जांच और प्रक्रिया पूरी करने के बाद जर्जर इमारत को तुड़वाने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, हिमांशु संगल ने पुरानी तहसील परिसर की साफ-सफाई कराने, जर्जर भवन हटाने और यहां अधिकारियों के आवास विकसित करने का सुझाव दिया है। साथ ही बेगम समरू किले से जुड़े इस ऐतिहासिक क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की मांग भी उठाई गई है।





## हरिद्वार में सौतेली बेटी ने मां का किया मर्डर : प्रेमी के साथ मिलकर काटा गला

**रुड़की(हरिद्वार), 19 अगस्त (एजेंसी)।** हरिद्वार के मंगलौर में सौतेली बेटी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर मां का गला रेतकर हत्या कर दी। दोनों ने महिला का शव कांवड़ पटरी के पास गंगनहर किनारे झाड़ियों में फेंक दिया। दोनों आरोपी घर से महिला को मंदिर ले जाने के बहाने कार में अपने साथ ले गए। रास्ते में उन्होंने धारदार हथियार से उसकी गर्दन पर हमला कर दिया। पुलिस ने हत्या के आरोप में महिला की सौतेली बेटी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सौतेली बेटी ने बताया कि उसे अपनी शादी में सौतेली मां से अड़चन महसूस हो रही थी, जिसके चलते यह वारदात हुई। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि महिला का फोटो सकुर्लेट किया गया। इसके बाद फैक्ट्री में काम करने वाले मेरठ निवासी अरविंद ने मंगलौर पुलिस से संपर्क किया और महिला की पहचान अपनी पत्नी के रूप में की। व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बेटी उसका प्रेमी महिला से पिछले काफी समय से चिढ़ते थे और उन्होंने पहले भी महिला को मारने की प्लानिंग की थी। 2 दिन पहले शाम को युवती और उसका प्रेमी महिला को मंदिर ले जाने के बहाने ले गए। दोनों वारदात के बाद से ही लापता चल रहे थे। एसपी देहात ने बताया कि रिपोर्ट में दिए गए कार नंबर से गाड़ी को ट्रेस किया गया। जिलेभर में कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

# देहरादून में पिकअप से टकराई वैन, 4 की मौत टायर निकलने से बेकाबू हुआ था वाहन

**देहरादून, 19 अगस्त (एजेंसी)।** देहरादून के डोईवाला स्थित मणिमाई मंदिर के पास बुधवार को इको वैन और पिकअप वाहन की टक्कर हो गई। हादसे के समय देहरादून से हरिद्वार की ओर जा रही इको में 7 लोग सवार थे। जिनमें से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 घायल हैं।

मृतकों की पहचान नरेश (42) पुत्र महावीर, निवासी टिकट वाली गली रेलवे रोड रोहतक (हरियाणा) और विनोद निवासी रोहतक (हरियाणा) के रूप में हुई है। अन्य 2 मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस उनकी पहचान के प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार हादसा सुबह करीब 10:40 बजे हुआ। देहरादून की ओर से आ रहे पिकअप वाहन का पिछला टायर अचानक निकल गया। इससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गया। इसी दौरान पीछे से आ रही इको भी पिकअप से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इको का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया। सूचना मिलते ही कोतवाली डोईवाला और चौकी हरार्वाला से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। राहत-बचाव टीम ने सभी घायलों को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। इनमें 2 लोगों को डॉक्टरों ने अस्पताल पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया, जबकि 2 अन्य ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों में विपेंद्र सिंह (35) पुत्र रामबरन सिंह निवासी रेलवे रोड (हरियाणा) और विक्की पुत्र रामभरोसे निवासी ग्राम गिन्नौर बदायूं (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं। तीसरे घायल का इलाज जॉली ग्रांट अस्पताल में चल रहा है। उसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार घटना अचानक होने और कुछ घायलों के बेहोशी की हालत में होने के कारण मृतकों और घायलों की पूरी पहचान की पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस पहचान के प्रयास कर रही है।



# गैस वेंडर की गंगनहर में डूबने की आशंका, गोताखोरों की मदद से ढूंढने का प्रयास

**खतौली, 19 अगस्त (बु.)।** नगर के पक्का बाग होली चौक निवासी करीब 40 वर्षीय धर्मवीर उर्फ पप्पू मंगलवार को गैस सिलेंडरों की सप्लाई करने के लिए निकला था। देर शाम



तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार को गंगनहर अंडरपास के पास उसकी चप्पल मिलने के बाद पुलिस ने एनडीआरएफ और गोताखोरों की मदद से गंगनहर में तलाश शुरू कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार धर्मवीर उर्फ पप्पू भारत गैस एजेंसी पर वेंडर के रूप में कई वर्षों से कार्यरत था। मंगलवार सुबह वह गैस गोदाम पहुंचा और गाड़ी में 30 सिलेंडर लोड कर सप्लाई के लिए नगर में निकल गया। दोपहर में वह घर पर खाना खाने पहुंचा और इसके बाद दोबारा गैस की गाड़ी लेकर सप्लाई के लिए चला गया। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी तलाश करने के बाद पुलिस को गंगनहर किनारे गैस की गाड़ी मिली। गाड़ी में 27 खाली सिलेंडर पाए गए, जबकि तीन सिलेंडर कम बताए गए हैं। जिसके बाद गाड़ी में सिलेंडर स्वामी मलिक को दिये 30 सिलेंडर की नगदी पप्पू के पास थी। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में तलाश शुरू की। बुधवार सुबह गंगनहर अंडरपास के पास खलासी के निकट पप्पू की चप्पल मिलने से उसके गंगनहर में गिरने की आशंका जताई गई। पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने गोताखोरों के साथ गंगनहर में तलाश अभियान शुरू किया, लेकिन अभी तक पप्पू का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस और एनडीआरएफ की टीम लगातार तलाश में जुटी हुई है। मामले की जांच की जा रही है।



## आजम खान की जौहर यूनिवर्सिटी पर ईडी की रेड : 10 ठिकानों पर टीम पहुंची, अखिलेश बोले- भ्रष्टाचारियों पर छापा क्यों नहीं?

**रामपुर, 19 अगस्त (एजेंसी)।** रामपुर जेल में बंद सपा नेता आजम खान की जौहर यूनिवर्सिटी और ट्रस्ट से जुड़े 10 ठिकानों पर बुधवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापा मारा। रामपुर में सुबह 7 बजे 6 गाड़ियों से 15 अफसरों की टीम यूनिवर्सिटी के अंदर दाखिल हुई। टीम दस्तावेज खंगाल रही है। बाहर 100 से ज्यादा पुलिसवाले तैनात हैं। इस बीच यूनिवर्सिटी में क्लासेज भी चलीं। रामपुर के अलावा सहारनपुर और दिल्ली में भी रेड चल रही है। इनमें सहारनपुर के डीएम दीपक गुप्ता का ऑफिस और घर भी शामिल है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट यानी पीएमएलए के तहत कार्रवाई कर रही है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, सरकारी ठेकों से मिले पैसों को कथित तौर पर जौहर यूनिवर्सिटी और उससे जुड़े ट्रस्ट तक पहुंचाया गया। आरोप है कि इन पैसों का इस्तेमाल यूनिवर्सिटी की संपत्तियां बनाने और दूसरे कामों में किया गया। अब यह पता लगाया जा रहा कि सरकारी ठेकों का पैसा किन लोगों और कंपनियों के जरिए ट्रस्ट या यूनिवर्सिटी तक पहुंचा। पिछले कुछ दिनों से जौहर यूनिवर्सिटी सुर्खियों में है। 15 जुलाई को रामपुर डीएम ने यूनिवर्सिटी की 40 में से 38 इमारतों को ढहाने का आदेश दिया था। कहा था- यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बिना नक्शा पास कराए इमारतों का निर्माण कराया। हालांकि, मुरादाबाद के कमिश्नर आन्जनेय सिंह के कोर्ट ने रामपुर डीएम के आदेश पर रोक लगा दी थी। मामला फिलहाल कोर्ट में है। जुलाई 2019- ईडी ने पहली बार छापेमारी की थी। यूनिवर्सिटी में सर्च ऑपरेशन और दस्तावेज जब्त किए थे। भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने शिकायत की थी कि सरकारी ठेकों के पैसों को ट्रस्ट और यूनिवर्सिटी के निर्माण में लगाया गया। सितंबर 2023- इनकम टैक्स और ईडी ने आजम के आवास और जौहर यूनिवर्सिटी के ठिकानों पर 3 दिनों तक छापेमारी की थी। इसके बाद संदिग्ध बैंक लेनदेन की जानकारी मिलने पर ईडी ने समन जारी किए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने छापेमारी को लेकर सरकार पर निशाना साधा। राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण, एक्सप्रेसवे, पुल, सड़क, टंकी और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दे गिनाए और सरकार से सवाल किया कि इन मामलों में ईडी की कार्रवाई क्यों नहीं होती। अखिलेश यादव ने कहा कि यूनिवर्सिटी बनाने वालों के खिलाफ ईडी की कार्रवाई की जा रही है, जबकि भ्रष्टाचार के कई मामलों में शामिल लोगों पर कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण, एक्सप्रेसवे, पुल, सड़क, टंकी और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दे गिनाए और सरकार से सवाल किया कि इन मामलों में इडी की कार्रवाई क्यों नहीं होती।

## कांग्रेस का फैसला : नहीं गाएंगे पूरा वंदेमातरम

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में वंदे मातरम को लेकर पार्टी ने अपना पुराना रुख साफ कर दिया। कांग्रेस ने 1937 के फैसले को बरकरार रखते हुए तय किया कि पार्टी के कार्यक्रमों में राष्ट्रीय गीत के सिर्फ पहले दो पद ही गाए जाएंगे। वहीं, बैठक में राम मंदिर चंदे के मुद्दे को लेकर भी बड़ा फैसला हुआ और इसे देशभर में जमीनी स्तर तक ले जाने की रणनीति तय की गई। सूत्रों के मुताबिक, उहउ की बैठक में वंदे मातरम के मुद्दे पर चर्चा हुई। इस दौरान कई नेताओं ने 1937 में अपनाए गए पार्टी के रुख को दोहराया। कांग्रेस के अनुसार, उसका फैसला अक्तूबर 1937 में CWC की ओर से पारित प्रस्ताव पर आधारित है। उस समय पार्टी ने राष्ट्रीय सभाओं में वंदे मातरम के सिर्फ पहले दो पद गाने का निर्णय लिया था। सीडब्ल्यूसी बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने राम मंदिर चंदे से जुड़े मुद्दे को जमीनी स्तर तक ले जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का इस्तेमाल लोगों को ध्रुवीकृत करने वाले लोग अब पूरी तरह बेनकाब हो चुके हैं। वेणुगोपाल के मुताबिक, सीडब्ल्यूसी ने प्रदेश कांग्रेस समितियों को राम मंदिर चंदे के मुद्दे पर पूरे देश में प्रदर्शन करने का निर्देश दिया है।

# उत्तर प्रदेश राज्यपाल पहली बार 10 दिन की छुट्टी पर : आनंदीबेन के पद से हटने की अटकलें

**लखनऊ, 19 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अचानक छुट्टी पर चली गई हैं। वह सोमवार (17 अगस्त) से 26 अगस्त तक छुट्टी पर हैं। राज्यपाल अपने गृह राज्य गुजरात गई हैं। अवकाश के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अनुमति ली है। यूपी की राज्यपाल बनने के बाद से आनंदीबेन पटेल ने पहली बार इतनी लंबी छुट्टी ली है। अचानक ली गई इस छुट्टी के बाद सियासी और प्रशासनिक गलियारों में कई तरह की चर्चा चलने लगी है। कहा जा रहा है कि यूपी को जल्द ही नया राज्यपाल मिल सकता है। हालांकि, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव सुधीर बोवड़े ने पदभार मुक्त करने या बदले जाने की अटकलों को खारिज किया है। उनका कहना है कि राज्यपाल सिलवासा और दमन दीव का भ्रमण पर है। इस दौरान उनकी वहां के राज्यपाल से मीटिंग है। हालांकि सूत्र कहते हैं- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल इसके पहले भी छुट्टी पर गई हैं। गुजरात में उनका पूरा परिवार रहता है। बेटी अनार पटेल चुनावी राजनीति में उतर रही हैं। वह खुद लंबे समय से यूपी में रह रही हैं। उन्होंने 7 साल तक लगातार राज्यपाल रहकर रिकॉर्ड बना दिया है। इसीलिए जब तक उनकी जगह किसी की तैनाती नहीं हो जाती, तब तक इस पद पर बनी रहेंगी। यही वजह है कि जब भी वह अवकाश पर जाती हैं, तो चर्चा का विषय बन जाती हैं। अवकाश के बाद अगर वह नहीं आती हैं, तो माना जाएगा कि कोई राजनीतिक मामला है। ये चर्चा इस कारण और तूल पकड़ रही है, क्योंकि हाल के दिनों में उन्होंने राज्य सरकार को एक तरह से टिप्पणी करके आईना दिखाने का काम किया है। यही वजह है कि उनके अवकाश को लेकर इस तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। राज्यपाल का कार्यकाल खत्म हो गया है। इसे औपचारिक रूप से बढ़ाया भी नहीं गया है। जाहिर-सी बात है कि इस तरह लंबी छुट्टी को लेकर अटकलें लगाई ही जाती हैं। फिर यह भी हो सकता है कि वे अपना कार्यकाल बढ़ाने के लिए दबाव बना रही हों।



## सुनीता ने गोविंदा से तलाक का केस वापस लिया

**मुंबई, 19 अगस्त (एजेंसी)।** गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने गोविंदा से तलाक का केस वापस ले लिया है। बुधवार को सुनीता को उनके बेटे यशवर्धन के साथ मुंबई में फैमिली कोर्ट में देखा गया। गोविंदा के मैनेजर शशि रंजन ने बताया कि सुनीता आहूजा ने गोविंदा के खिलाफ दायर तलाक की अर्जी वापस ले ली है। शशि के मुताबिक, अब सब ठीक है और दोनों के बीच सब कुछ सामान्य होने की उम्मीद है। उन्होंने पिछले दो साल के घटनाक्रम को लेकर कहा कि यह समय अच्छा नहीं रहा। कोर्ट के बाहर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें पैपराजी ने सुनीता और उनके बेटे से सवाल किया कि कोर्ट में क्या हुआ? जिस पर बेटे यशवर्धन आहूजा ने कहा, "कुछ नहीं हुआ। जाने दीजिए।" यश अपनी मां को कैमरों से बचाते हुए कार तक लेकर गए।

# न्यायालय के आदेश पर 80 कट्टे भांग नष्ट कराई

**▶▶24 कुंतल भांग को गड्ढे में दबवाकर निस्तारण कराया**

**मीरापुर, 19 जुलाई (बु.)।** बुधवार को मीरापुर पुलिस ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन में आबकारी अधिनियम से संबंधित मुकदमे में बरामद 80 कट्टे भांग करीब (24 कुंतल) को गड्ढे में दबवाकर नष्ट कराया। इंस्पेक्टर राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि मीरापुर थाने में आबकारी अधिनियम धारा 60(1)ग के तहत दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 335/21 से संबंधित माल के रूप में 80 कट्टे (24कुंतल)भांग सुरक्षित रखी गई थी। न्यायालय से प्राप्त अनुमति के बाद बुधवार को उक्त भांग को गड्ढे में दबवाकर नियमानुसार निस्तारित कराया गया है। इस दौरान सीओ जानसठ ऋषिका सिंह, प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा, इंस्पेक्टर क्राइम सुनील मिश्रा, उपनिरीक्षक मदनपाल सिंह, उपनिरीक्षक शिवनंदन शर्मा व हेड मोहर्रिर वसीम अहमद मौजूद रहे।



मीरापुर में न्यायालय की अनुमति के बाद भांग को नष्ट कराते सीओ जानसठ व इंस्पेक्टर